Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ●Thursday, 13 November 2025 ●Year : 03 ●Issue : 295 ●Ranchi Edition ●Page : 12 ●Price : ₹3 ●www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

दूसरों के दोषों के समान अपना दोष भी देखने लगे तो जीवन में कोई दुख कभी नहीं हो सकता।

–तिरुवल्लुवर

Sherlyn Chopra Reveals She's Getting Breast...

SHARE

सेंसेक्स	:	84,466.51
निफ्टी	:	25,875.80

SARAFA

सोना	:	11,655.00
चांदी	:	173.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

धर्मेंद्र को अस्पताल से मिली छुट्टी, परिवार ने घर पर ही इलाज का किया फैसला

MUMBAI : बुधवार को बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को

दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। उनकी सेहत को लेकर तमाम अटकलों के बीच परिवार और डॉक्टर ने यह जानकारी दी। धर्मेंद्र (89) को थोड़े दिन पहले कुछ जांचों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था और आज उन्हें छुट्टी दे दी गई। हालांकि, उनके परिवार और अस्पताल के अधिकारियों ने इन जांचों या उनकी स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।

'आतंकवाद' से जुड़े होने के आरोप में इंजीनियर गिरफ्तार

MUMBAI : महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने अल-कायदा और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से कथित संबंधों के लिए पुणे के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की गिरफ्तारी के सिलसिले में ठाणे में एक शिक्षक और पुणे में एक अन्य व्यक्ति के घर पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एटीएस ने स्पष्ट किया कि यह छापेमारी सोमवार को दिल्ली में हुए विस्फोट से संबंधित नहीं है, लेकिन साथ ही बताया कि मानक प्रक्रिया के तहत एजेंसी इस बात की जांच कर रही है कि क्या राष्ट्रीय राजधानी में हुई इस घटना का महाराष्ट्र से कोई संबंध है।

दवा फैक्ट्री के बॉयलर में विस्फोट से दो की मौत, 20 घायल

BHARUCH : गुजरात के भरूच जिले में एक दवा फैक्ट्री में बॉयलर फटने और उसके बाद लगी आग में कम से कम दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। यह हादसा औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) के सायखा इलाके में स्थित फैक्टरी में हुआ। भरूच के जिलाधिकारी गौरांग मकवाना ने बताया, फैक्टरी के अंदर एक बॉयलर में धमाका होने से भीषण आग लग गई। उन्होंने कहा कि बाद में आग पर काबू पा लिया गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि फैक्टरी की पूरी इमारत ढह गई। अधिकांश कर्मचारी किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन दो कर्मचारी अंदर फंस गए और उनकी मौत हो गई। आग बुझाने के बाद उनके शव मलबे से बरामद कर लिए गए हैं।

क्या सचमुच दो राज्यों के वोटर हैं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव!

झारखंड की महगामा और बिहार के कहलगांव की मतदाता सूची में दर्ज विवरण संयोग है या दोहरी पहचान?

- जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 27 के तहत दोहरा पंजीकरण अवैध
- झूठे शपथपत्र पर 6 माह की कैद या जुर्माना, चुनावी अयोग्यता संभव
- दोहरे पंजीकरण पर दो वर्ष तक की सजा और हो सकता है जुर्माना
- आरोप साबित होने पर मंत्री पद और खतरे में विधानसभा की सदस्यता

S. NO.	Epic Number	Name	Age	Relative Name	State	District	Assembly Constituency
1	QCB2237708	Sanjay Prasad Yadav संजय प्रसाद यादव	51	Chandrashekhar Yadav चन्द्रशेखर यादव	Jharkhand	6-Godda	18-Mahagama

S. NO.	Epic Number	Name	Age	Relative Name	State	District	Assembly Constituency
1	SB02270924	Sanjay Yadav संजय यादव	50	Chandrashekhar Yadav चन्द्रशेखर यादव	Bihar	22-BHAGALPUR	155-Kahalgaon
2	SB00600890	Sanjay Kumar संजय कुमार	52	Chandrashekhar Mandal चन्द्रशेखर मंडल	Bihar	22-BHAGALPUR	155-Kahalgaon
3	SB90157776	Sanjay Kumar bihari संजय कुमार बिहारी	50	Chandrashekhar Mandal चन्द्रशेखर मंडल	Bihar	22-BHAGALPUR	155-Kahalgaon

क्या कहता है नियम

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 27 कहती है कि राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उसी राज्य का मतदाता होना अनिवार्य है। यदि संजय यादव ने बिहार का पंजीकरण रद्द किए बिना झारखंड में नामांकन किया, तो यह गैरकानूनी है। दोहरा पंजीकरण धोखाधड़ी का अपराध है, भले ही वोट डाला हो या न डाला हो।

संभावित कानूनी परिणाम

शपथ पत्र में निवास और मतदाता विवरण की सटीक जानकारी देना भी अनिवार्य है। झूठे शपथपत्र पर आरपीए 1951 की धारा 125ए के तहत 6 माह की कैद, जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। साथ ही 6 वर्ष की चुनावी अयोग्यता भी हो सकती है। दोहरे पंजीकरण के लिए दो साल की कैद और जुमार्ना लगाया जा सकता है। आईपीसी की धारा 171 (झूठी जानकारी) व 193 (झूठे साक्ष्य) भी जोड़े जा सकते हैं। संसदीय समिति ने ऐसी सजाओं को 2 वर्ष तक बढ़ाने का सुझाव दिया है।

गंवानी पड़ सकती है विधायकी

यदि शिकायत दर्ज हुई, तो चुनाव आयोग जांच चलाकर पंजीकरण रद्द करने के साथ एफआईआर और मुकदमा भी चला सकता है। ऐसा हुआ तो, संजय यादव के सामने मंत्री पद से इस्तीफा या बर्खास्तगी का संकट हो सकता है, साथ ही विधानसभा की सदस्यता रद्द होने का खतरा भी होगा।

ANAND KUMAR, RANCHI : झारखंड सरकार में उद्योग, श्रम-नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री संजय प्रसाद यादव दोहरी मतदाता पहचान के आरोप में घिर गये हैं। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो ने बिहार और झारखंड दोनों राज्यों में उनके मतदाता पंजीकरण और उनके चुनावी हलफनामे को लेकर गंभीर सवाल उठाये हैं। यदि आरोप सिद्ध हुए, तो संजय यादव के मंत्री पद, विधानसभा सदस्यता और राजनीतिक करियर पर गहरा असर पड़ सकता है।

वायरल फोटो से भड़का विवाद

11 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान हुआ। इसी दिन सोशल साइट 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर एक फोटो तेजी से वायरल हुई, जिसमें संजय यादव सफेद ट्रैकसूट और कैप पहने उंगली पर वोटिंग इंक दिखाते नजर आ रहे हैं। पोस्ट में दावा किया गया कि मंत्री ने अपने बेटे रजनीश यादव, जो कहलगांव से आरजेडी उम्मीदवार है, के समर्थन में वोट डाला। हालांकि, कुछ यूजर्स ने इसकी प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हुए पत्नी और बेटे के साथ संजय यादव की एक अन्य तस्वीर साझा की, जिसमें दावा किया गया कि यह 2024 में हुए झारखंड विधानसभा चुनाव की है। लेकिन, विशेषज्ञों का मानना है कि फोटो पुरानी हो या नई, लेकिन असली समस्या दो राज्यों में एक ही नाम का मतदाता पंजीकरण है, जो कानूनन अवैध है।

शपथपत्र बनाम वास्तविकता

2024 के विधानसभा चुनाव में झारखंड की गोड्डा सीट से आरजेडी के टिकट पर जीतने वाले संजय यादव ने नामांकन के समय चुनाव आयोग को दिये शपथपत्र में खुद को झारखंड का स्थायी निवासी और मतदाता घोषित किया था। उनके चुनावी शपथ पत्र में लिखा है - संजय प्रसाद यादव, पुत्र चंद्रशेखर यादव, 18-महागामा निर्वाचन क्षेत्र, भाग संख्या 402, क्रम संख्या 168। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की वेबसाइट पर इसकी पुष्टि हो जाती है। लेकिन, चौंकाने वाला तथ्य यह है कि ईसीआई) की वेबसाइट के अनुसार बिहार के भागलपुर जिले के 155-कहलगांव निर्वाचन क्षेत्र के भाग संख्या 5, मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय खुटाहा, क्रम संख्या 384 पर भी यही विवरण दर्ज है। संजय यादव, पुत्र चंद्रशेखर यादव। अंतर इतना है कि झारखंड में संजय प्रसाद यादव दर्ज है और बिहार में संजय यादव। झारखंड के मंत्री संजय प्रसाद यादव के पुत्र रजनीश यादव कहलगांव सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। क्या इतने सारे संयोग एक साथ संभव हैं या मंत्री पर लगाये जा रहे आरोपों में सच्चाई है, इसका पता तो जांच से ही चल पायेगा।

राज्य कैबिनेट की बैठक में 18 प्रस्तावों पर लगी मुहर

देसी मांगुर बनी 'राजकीय मछली'

विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 से 11 दिसंबर तक चलेगा

- झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की आजीविका का महत्वपूर्ण स्रोत है यह मछली
- इस प्रजाति के संरक्षण, अनुसंधान और उत्पादन बढ़ाने के लिए बनेगी नीति
- नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप ई-साक्ष्य और ई-समन को अधिसूचित करने की मिली स्वीकृति
- सभी जिलों के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में स्टेम लैब स्थापना की दी गई मंजूरी
- नेतरहाट आवासीय विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों को मिलेगा पुरानी पेंशन योजना का लाभ
- वर्ल्ड बैंक समर्थित परियोजना में संविदा पर नियुक्त 24 पॉलिटेक्निक शिक्षकेतर कर्मियों को किया जाएगा नियमित

सड़क निर्माण के लिए मिली राशि

राज्यभर में सड़क निर्माण और गुणवत्ता सुधार पर बड़ा निवेश मंजूर किया गया। गिरिडीहझजमुआ मार्ग (28.44 किमी) को टू-लेन में अपग्रेड करने हेतु 133.01 करोड़ की स्वीकृति। वहीं सिमडेगा, रेंगारी, केरसई सड़क (48.21 डट) के राइडिंग क्वालिटी सुधार हेतु 29.76 करोड़ खर्च किए जाएंगे। सेतु बंधन परियोजना के लिए 37.27 करोड़ की योजना को आकस्मिकता निधि से मंजूरी दी गई।

देवघर में बनेगा चार सितारा होटल

देवघर में होटल वैद्यनाथ विहार को पीपीपी मोड पर चार सितारा होटल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसकी परियोजना लागत 113.97 करोड़ है। इसका उद्देश्य तीर्थ पर्यटन और आर्थिक गतिविधि बढ़ाना है। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 से 11 दिसंबर तक आयोजित होगा। इसके अलावा चकला कोल परियोजना के लिए 147.05 एकड़ भूमि 30 वर्ष के लिए हिण्डाल्को को लीज पर देने का निर्णय लिया गया।

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें कृषि, शिक्षा, पर्यटन, सड़क निर्माण, पुलिस सेवा, रोजगार और प्रशासनिक सुधार से जुड़े अहम फैसले शामिल हैं। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निर्णयों की जानकारी दी। सबसे अहम निर्णय देसी मांगुर को राज्य की 'राजकीय मछली' घोषित की गई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो (लखनऊ) के अनुरोध पर यह कदम उठाया गया है। इस निर्णय के बाद इस प्रजाति के संरक्षण, अनुसंधान और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में राज्य सरकार अब सुनियोजित नीति बनाएगी। यह मछली झारखंड के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों की आजीविका का महत्वपूर्ण स्रोत है। बैठक में देश में लागू हुए नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप राज्य सरकार ने ई-साक्ष्य और ई-समन को अधिसूचित करने की स्वीकृति दी। इसके बाद न्यायिक और पुलिस प्रक्रियाओं में डिजिटल साक्ष्यों की वैधता और ई-समन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से लागू होगी। कैबिनेट ने राज्य के सभी 24 जिलों के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में स्टेम लैब स्थापना की स्वीकृति दी। इससे विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में छात्रों को अत्याधुनिक संसाधन मिलेंगे। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। वर्ल्ड बैंक समर्थित परियोजना में संविदा पर नियुक्त 24 पॉलिटेक्निक शिक्षकेत्तर कर्मियों का नियमितीकरण किया जाएगा।

लातेहार में पांच लाख के इनामी सहित दो उग्रवादियों ने किया सरेंडर

PHOTON NEWS LATEHAR : बुधवार को लातेहार में उग्रवादी संगठन जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो उग्रवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में ब्रजेश यादव और अवधेश लोहरा शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में दोनों उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया। ब्रजेश यादव गुमला जिले का रहने वाला है। इस पर पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित था, जबकि अवधेश लातेहार के हेरहंज का रहने वाला है। पलामू रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेंद्र कुमार सिन्हा और लातेहार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार गौरव ने दोनों उग्रवादियों को माला पहनाकर समाज के मुख्य धारा में शामिल होने के लिए स्वागत किया।

आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड सरकार की नई दिशा नीति का लाभ उठाकर नक्सली अपना जीवन सुधार सकते हैं। वर्ष 2025 में अब तक लातेहार जिले में 21 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, यह किसी भी जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने क्षेत्र में सक्रिय अन्य उग्रवादियों व नक्सलियों को भी आत्मसमर्पण करने के लिए प्रेरित किया। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि लातेहार जिले में नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब जिले में केवल चार से पांच नक्सली ही बचे हैं।

- आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा और एसपी कुमार गौरव ने अन्य उग्रवादियों को आत्मसमर्पण के लिए किया प्रेरित
- इस साल अब तक जिले में 21 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

'महागठबंधन' बनाएगा सरकार, 18 नवंबर को लेंगे शपथ : तेजस्वी यादव

PATNA @ PTI : बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में हुई रिकॉर्ड तोड़ मतदान से स्पष्ट है कि राज्य की जनता ने इस बार बदलाव के लिए वोट किया है। तेजस्वी ने इसके साथ ही कहा कि महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है और 18 नवंबर को नई सरकार शपथ लेगी।

इस बार पिछले चुनाव की अपेक्षा पड़े हैं 72 लाख अधिक वोट

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, इस बार 2020 की तुलना में बिहार में 72 लाख अधिक मत पड़े हैं और यह वोट 'परिवर्तन के पक्ष' में पड़े हैं। तेजस्वी ने कहा, प्रदेश में 72 लाख लोगों ने नीतीश कुमार को बचाने के लिए नहीं, बल्कि बिहार में बदलाव लाने और सरकार बदलने के लिए मतदान किया है। लोगों ने महागठबंधन के पक्ष में मतदान किया है और हम 18 नवंबर को शपथ लेंगे।

राज्य में ठंड ने बढ़ाई परेशानी, तीन जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट

- गुमला में 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया न्यूनतम तापमान
- राजधानी रांची में भी 11 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच पारा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में लगातार बढ़ती ठंड ने परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार को तीन जिलों में 14 नवंबर तक शीतलहर चलने की संभावना जताते हुए मौसम विभाग ने बुधवार को येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले 5 दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी प्रकार के बदलाव नहीं होने की जानकारी दी है। मौसम विभाग ने राज्य के जिन तीन जिलों (पश्चिमी हिस्से) में शीतलहर चलने की संभावना जताई है, उनमें पलामू, गढ़वा और लातेहार शामिल हैं। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड की वजह से शाम होते ही लोग अपने-अपने घरों में सिमट जा रहे हैं। सुबह में भी कनकनी महसूस की जा रही है। राज्य के अधिकतर जिलों में औसत न्यूनतम तापमान में 1 से 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, दिन में मौसम साफ रहने और अच्छी धूप खिलने की वजह से लोगों को काफी राहत मिल रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 31.4 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। रांची में अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

दिल्ली कार ब्लास्ट : फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. शाहीन ने कहा-

साथी आतंकी डॉक्टरों के साथ मिलकर देशभर में हमलों की रच रही थी साजिश

NEW DELHI @ PTI : दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर को हुए कार ब्लास्ट की जांच के दौरान फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. शाहीन शाहिद ने बताया है कि वह अपने साथी आतंकी डॉक्टरों के साथ मिलकर देशभर में हमलों की साजिश रच रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शाहीन ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह पिछले दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी। शाहीन और उसके साथी फरीदाबाद के एक वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल से जुड़े थे। यानी इसमें शामिल लोग अच्छे पेशेवर थे। सभी जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद नाम के संगठनों जुड़े थे। इनका ग्रुप फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से गतिविधियां चला रहा था। दूसरी ओर धमाके का एक नया सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया है। यह फुटेज शाम 6:51 बजे का है। इससे पता चलता है कि रेड सिग्नल पर गाड़ियों की भीड़ थी, तभी सामने से आ रही आई-20 कार में धमाका हुआ और कार आग के गोले में तब्दील हो गई। घटना वाली जगह से करीब 40 सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। शुरूआती जांच में पता चला है कि एक सैंपल में अमोनियम नाइट्रेट होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि ब्लास्ट से पहले टेरर मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई में जो 2900 किग्रा विस्फोटक मिला था, उसमें अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर शामिल था।

- पूछताछ में बताया कि वह पिछले दो साल से जमा कर रही थी विस्फोटक
- जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद नाम के संगठनों से जुड़े हैं सभी
- फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से चलाई जा रही थीं सभी गतिविधियां
- धमाके का एक नया सीसीटीवी फुटेज भी आया सामने
- रेड सिग्नल पर गाड़ियों की थी भीड़, तभी सामने से आ रही आई-20 कार में हुआ धमाका
- अब तक 12 लोगों को किया जा चुका है अरेस्ट, इनमें 6 डॉक्टर शामिल
- घटना वाली जगह से करीब 40 सैंपल किए गए हैं कलेक्ट, एक में अमोनियम नाइट्रेट होने की संभावना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विस्फोट पर पारित किया शोक प्रस्ताव

NEW DELHI : बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली स्थित लाल किले के पास 10 नवंबर की शाम हुए कार विस्फोट को एक घृणित आतंकवादी कृत्य करार देते हुए गहरा शोक व्यक्त किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक की शुरूआत में मंत्रिमंडल ने इस आतंकवादी घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा।

पीड़ितों से मिले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के निकट हुए विस्फोट में घायल लोगों से बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात की और कहा अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में बम विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने एलएनजेपी अस्पताल गया। सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस साजिश के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

उपलब्धि दुनिया की अनिश्चित आर्थिक स्थिति के बीच बेहतर प्रदर्शन के मिले संकेत

विकास की नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था

PHOTON NEWS, RESEARCH : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल से अधिक के नेतृत्व में भारत की आवाज को दुनिया ध्यान से सुनती और महत्व देती है। वैश्विक आर्थिक शक्ति की दृष्टि से देखें तो अब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। इसके लिए किए गए चतुर्दिक प्रयासों का लाभ मिला है। कुछ वर्षों से पस्त पड़ चुकी विकास दर, भारी महंगाई और उत्पादन में कमी के दौर से उबरते हुए मोदी सरकार ने न केवल मैक्रो-इकोनॉमिक फंडामेंटल्स को मजबूत किया, बल्कि अर्थव्यवस्था को एक तेज रफ्तार विकास पथ पर ले आई। भारत की ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर कुलांचे भर कर 6 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गई, जो दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। सरकार ने बीच में आई प्रतिकूल स्थिति पर भी नियंत्रण कर लिया गया है। फिर से सुधार के लक्षण साफ दिखाई देने लगे हैं। कहा जा सकता है कि दुनिया की अनिश्चित आर्थिक स्थिति के बीच विकास की नई उम्मीद के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है। हांगकांग-शंघाई बैंकिंग सर्विस (एचएसबीसी) की ताजा रिपोर्ट से इसकी पुष्टि होती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था और समग्र आर्थिक प्रक्रिया में अब और सुधार के संकेत दिखने लगे हैं। घरेलू विकास चक्र अपने निचले स्तर से ऊपर उठने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कम ब्याज दरें, पर्याप्त तरलता, कच्चे तेल की गिरती कीमतें और सामान्य मानसून जैसे कारक आने वाले महीनों में विकास को रफ्तार दे सकते हैं।

तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने के लिए चतुर्दिक प्रयासों का मिला लाभ

- हर स्तर पर मैक्रो इकोनॉमिक फंडामेंटल्स को पूरी ताकत से किया गया मजबूत
- कुछ वर्षों में पस्त पड़ चुकी विकास दर और महंगाई को कंट्रोल करने में मिली सफलता
- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक पिछले साल के मुकाबले 2.1% की दर से बढ़ा
- एचएसबीसी की हालिया रिपोर्ट में आर्थिक प्रक्रिया में और सुधार की हुई है पुष्टि

- कारगर रणनीति से घरेलू विकास चक्र अपने निचले स्तर से लगातार उठ रहा ऊपर

निवेश चक्र मजबूत रहने की स्पष्ट संभावना

रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भले ही वैश्विक व्यापार अनिश्चितता फिलहाल निजी निवेश के लिए चुनौती बनी हुई हैं, लेकिन मध्यम अवधि में भारत का निवेश चक्र मजबूत बने रहने की संभावना है। इसमें बताया गया है कि सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ता निवेश, निजी क्षेत्र की निवेश गतिविधियों में तेजी और रियल एस्टेट सेक्टर में सुधार इस रुझान को आगे बढ़ा रहे हैं।

इन कारकों से विकास को मिलेगी गति

एचएसबीसी की रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई है कि नवीकरणीय ऊर्जा और इससे संबंधित सप्लाई चेन में अधिक निजी निवेश, उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी घटकों के स्थानीय उत्पादन व वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका इस विकास को गति देगी। रिपोर्ट के अनुसार, निफ्टी का मूल्यांकन अपने 10 वर्षीय औसत से थोड़ा ऊपर है। आने वाले वर्षों में यह भारतीय इक्विटी के लिए सकारात्मक बना हुआ है। हालांकि रिपोर्ट में ऐसे कारकों का भी जिक्र है, जो विकास की गति पर असर डाल सकती है। कमजोर वैश्विक विकास दर से भविष्य में मांग पर दबाव बने रहने की संभावना है।

सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर पीटा फिर बिजली के तार लूट ले गए लुटेरे

सुरक्षा की मांग को लेकर ट्रेड यूनियनों ने किया प्रदर्शन, कोलियरी का कामकाज करा दिया ठप

PHOTON NEWS DHANBAD : ईसीएल की मुगमा क्षेत्र की बैजना कोलियरी में मंगलवार की रात ड्यूटी पर तैनात दो सुरक्षाकर्मियों मृत्युंजय मंडल एवं सुखदेव भुइयां को लुटेरों ने बंधक बनाकर पीटा, फिर लगभग 40 फीट बिजली के तार और फिटर रूम में रखे कंप्यूटर, यूपीएस आदि ले भागे।

घटना के विरोध में बुधवार की सुबह से मजदूर यूनियनों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सुरक्षा की मांग को लेकर कोलियरी का उत्पादन ठप करा दिया। हालांकि कोलियरी के ठेकेदार प्रदर्शनकारियों और मजदूरों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन यूनियन नेता लुटेरों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। इधर, बंधक बने सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि

कोलियरी के बाहर प्रदर्शन करते मजदूर नेता व घटनास्थल पर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास करते कर्मचारी ● फोटोन न्यूज

मंगलवार की सुबह लगभग तीन बजे करीब 30 लुटेरों ने धावा बोल दिया। हम दोनों खदान के सीधी घर के पास थे। लुटेरे आकर हम दोनों की पहले खूब पिटाई की, फिर बत्ती घर में बंद कर दिया। लुटेरों ने मृत्युंजय मंडल की कनपटी पर पिस्टल सटा दिया और मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद लुटेरे ट्रांसफॉर्मर रूम में आए और 11 हजार वोल्ट का बिजली तार और ट्रांसफॉर्मर से स्विच रूम तक गए तार काट लिए। इसके साथ ही फिटर रूम का ताला तोड़कर उसमें रखे कंप्यूटर-यूपीएस भी ले गए। लुटेरों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच थी। सभी ने अपने चेहरे को गमछे और रुमाल से ढंक रखा था। वे हिंदी, बांग्ला और खोरठा में बात कर रहे थे। सभी हथियारों से लैस थे। रात लगभग 3.30 बजे पुलिस का गश्ती दल पहुंचा, तो उन्होंने हम दोनों को बंधन मुक्त किया। वहीं, सुबह में जब मॉर्निंग शिफ्ट में काम करने मजदूर आए और उन्हें मामले की जानकारी मिली तो वे आक्रोशित हो गए। ट्रेड यूनियनों के नेता-कार्यकर्ता सुरक्षा की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करने लगे। ड्यूटी पर आए मजदूरों ने बताया कि घटनास्थल के पास ही सीआईएसएफ का कैंप है। इसके बावजूद कोलियरी में चोरी और लूट की घटना होती रहती है। कैंप से सीआईएसएफ के जवान बाहर तक नहीं निकलते। प्रबंधन कोलियरी में बंदकूधारी गार्ड की व्यवस्था करेगा, तभी हम ड्यूटी करेंगे। मजदूरों ने आरोप लगाया कि यदि मजदूरों से थोड़ी सी भी गलती हो जाती है, तो प्रबंधन मजदूर को सस्पेंड कर देता है। लेकिन, अपनी गलती को सुधारने का कोई प्रयास नहीं करता है।

आदिवासी समाज को वोट बैंक नहीं परिवार मानती है भाजपा : रघुवर

साकची के जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते रघुवर दास

JAMSHEDPUR : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम को लेकर बुधवार को भाजपा, जमशेदपुर महानगर ने साकची स्थित जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भारत का जनजातीय समाज 1857 से बहुत पहले ही स्वतंत्रता संग्राम की नींव रख चुका था। बाबा तिलका मांझी से लेकर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा तक हमारे देश के जनजातीय समाज ने अद्वितीय शौर्य और बलिदान का इतिहास रचा है। झारखंड नामधारी पार्टियां समेत कई अन्य दल आदिवासी समाज को केवल अपना वोट बैंक मानती हैं, जबकि भाजपा उन्हें अपने विशाल परिवार का हिस्सा मानती है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित बसेरा पार्क में उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। झारखंड में डबल इंजन सरकार के समय रांची के उस कारागार में जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंतिम सांस ली थी, वहां भव्य स्मारक एवं संग्रहालय का निर्माण किया गया। इस दौरान भाजपा, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रमेश हांसदा और जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा भी मौजूद रहे।

BRIEF NEWS

मोबाइल छिनतई मामले में दो हुए गिरफ्तार

HAZARIBAG : विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में मोबाइल छिनतई के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक मोबाइल फोन और एक क्लासिक बुलेट बाइक बरामद की है। मामला विष्णुगढ़ थाना(कांड संख्या 113/25) के तहत थाना में मामला दर्ज है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी विष्णुगढ़ इकबाल हुसैन के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों में गौतम कुमार उर्फ पप्पू (21) और सनी कुमार (22) शामिल हैं। दोनों आरोपितों के पास से चोरी की मोबाइल फोन और बुलेट बरामद की गई है। छापेमारी दल में जलाल मुंडा थाना प्रभारी इकबाल हुसैन सहित कई शामिल थे।

कोल माइंस में उतराता मिला वृद्धा का शव

DHANBAD : बाघमारा के बरोरा थाना अंतर्गत मुराईडीह कोलियरी के कोल माइंस के पोखरिया में बुधवार को एक महिला का अज्ञात शव उतराता हुआ देखे जाने पर इलाके में सनसनी फैल गयी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है। शव की पहचान मुराईडीह कॉलोनी निवासी 75 वर्षीय शैबुन खातून के रूप में हुई है। वहीं, उनके परिजनों द्वारा उक्त महिला के लापता होने को सूचना करीब 15 दिन पूर्व ही बरोरा थाना को दी गयी थी। वहीं मामले की सूचना पाकर बरोरा पुलिस मौके पर पहुँची और शव को निकालने में जुट गई। माइंस एरिया होने के कारण शव को काफी मशक्कत से पानी से बाहर निकाला गया। वहीं, बरोरा पुलिस की माने तो मामला पूरी तरह से संदेहास्पद होने कर कारण स्थिति किसी तरह से स्पष्ट नही हो सका है। शव के पोस्टमार्टम के बाद ही मामले का पटाक्षेप हो सकेगा।

चेन्नई से लौटी एथलेटिक्स टीम का हुआ स्वागत

CHAKRADHARPUR : झारखंड के मास्टर्स एथलीट्स की टीम ने चेन्नई में आयोजित 23वें एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने 2 स्वर्ण, 5 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। चैंपियनशिप में भारत के अलावा 22 देशों ने भाग लिया था। झारखंड टीम के प्रबंधकों में हराबिलास दास, गुरुशरण सिंह, दिलदार सिंह एवं चक्रधरपुर रेलवे प्रभाग से पिंकी महतो शामिल थीं। टाटानगर स्टेशन पर टीम का जोरदार स्वागत हुआ। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच और प्रबंधकों को दिया है।

खूंटी में बालू लदे छह डंपरों को पुलिस ने किया जब्त

KHUNTI : खूंटी जिले के जरियागढ़ क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ जरियागढ़ थाना की पुलिस ने बुधवार को तड़के बक्सपुर के पास से अवैध बालू लदे छह डंपर को जब्त किया है। जिन वाहनों को जब्त किया गया है, उनके रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच01 एफडी 2807, जेएच01 0634, जेएच01एफआर 0106, जेएच01एफआर 1260, जेएच01 एफएम 1402 और जेएच02 बी क्यू 3032है। जब्त वाहनों को थाना परिसर में रखा गया है। आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, जरियागढ़ इलाका लंबे समय से अवैध बालू खनन और परिवहन का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार इस धंधे का विरोध किया है, लेकिन कुछ ग्रामीणों की संलिप्तता भी इस अवैध कारोबार में बताई जाती है। मंगलवार देर रात कुछ ग्रामीणों ने अवैध बालू लदे वाहनों को रोकने का प्रयास किया, जिसके बाद वन विभाग और थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कई अन्य डंपर चालक बालू लदी या खाली गाड़ियों के साथ भागने में सफल रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन जरियागढ़ क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार अब भी पूरी तरह थमा नहीं है। ग्रामीणों ने ऐसी कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखने की मांग की है ताकि इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

बीफ्रेंडर्स के राष्ट्रीय सम्मेलन में जमशेदपुर ने जीता तृतीय पुरस्कार

JAMSHEDPUR : आत्महत्या निवारण केंद्र जीवन, जमशेदपुर के 8 वालंटियर्स ने हाल ही में कालीकट-केरल में पिछले दिनों आयोजित बीफ्रेंडर्स इनिशिएटिव के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में देशभर के 14 केंद्रों द्वारा आत्महत्या निवारण से संबंधित विविध विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जीवन संस्था के वालंटियर्स ने युवा मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या विषय पर अपनी प्रस्तुति दी, जिसे तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीवन की संयुक्त निदेशक गुरप्रीत कौर भाटिया को आगामी तीन वर्षों के लिए बीफ्रेंडर्स इनिशिएटिव की सचिव के रूप में पुनः निर्वाचित किया गया। संस्था की कार्यकरिणी इस प्रकार है- अध्यक्ष : लाइफलाइन, कोलकाता से मंजीत, सचिव : जीवन, जमशेदपुर से गुरप्रीत कौर भाटिया तथा कोषाध्यक्ष अहमदाबाद से सुधीर मनकोडी। जीवन से भावनात्मक सहयोग के लिए कोई भी व्यक्ति 9297777499 या 9297777500 पर संपर्क कर सकता है। आमने-सामने बातचीत के लिए जीवन आत्महत्या निवारण केंद्र , 25 क्यू रोड, बिष्टुपुर, जमशेदपुर पर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक पहुँचा जा सकता है।

एनएमएल में हुई जंग व घर्षणरोधी कोटिंग टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व प्रतिभागी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR : सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समर्थित उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में बुधवार को माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज तथा सहयोगी उद्योगों के लिए जंग और घर्षणरोधी कोटिंग प्रौद्योगिकी पर कार्यशाला हुई। इस कार्यक्रम में 35 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें क्षेत्र की प्रमुख औद्योगिक इकाइयां एवं एमएसएमई संस्थान शामिल थे। प्रमुख संस्थाओं में एमडेट जमशेदपुर प्रा. लि., न्यू एरा कंपनी, शिवा इनऑर्गेनिक्स, वैलर वायर्स प्रा. लि., मिका मोल्ड, एक्रोपॉली मेटल प्रा. लि., गर्ग इंजीनियर्स प्रा. लि., प्रोमिस इंडस्ट्री, फर्नेस एनर्जी, मेटाफैब, टाटा ब्लूस्कोप, कॉरकिल, खेतान उद्योग तथा टाटा मोटर्स, जमशेदपुर प्लांट शामिल रहे। डॉ. संदीप घोष चौधुरी, निदेशक, डॉ. एस. शिवप्रसाद, वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक, प्रमुख- एमटीई एवं सलाहकार (मानव संसाधन समूह), सीएसआईआर-एनएमएल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने औद्योगिक कॉम्पोनेंट की टिकाऊपन एवं लाइफ बढ़ाने में उन्नत कोटिंग्स प्रौद्योगिकियों की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा उद्योग-अनुसंधान सहयोग के माध्यम से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. रघुवीर सिंह, प्रमुख- उन्नत सामग्री एवं संक्षारण विभाग एवं कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि यह कार्यक्रम कैसे एमएसएमई एवं सहयोगी उद्योगों द्वारा विशिष्ट तकनीकी चुनौतियों के समाधान हेतु लक्षित वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेप प्रदान करता है। डॉ. शैलेन्द्र के. झा- कार्यक्रम संयोजक, ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

नो-एंट्री के आंदोलन में कैद तुलसी के गर्भस्थ शिशु की हो गई मौत

पत्रकारों से बात करते माधव चंद्र कुंकल

● जिला परिषद के सदस्य माधव कुंकल ने जिला प्रशासन को लिखा पत्र
मारपीट का लगाया आरोप
दोषी पर कार्रवाई की मांग

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत चाईबासा जेल में बंद महिला कैदी तुलसी पुरती के पेट में पल रहे दो माह के बच्चे की मौत हो गई है। महिला की स्थिति खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मृत बच्चे का प्रसव कराया गया। इसके बाद महिला को जेल भेज दिया गया। इस मामले को लेकर जिला परिषद के सदस्य माधव चंद्र कुंकल ने जिला प्रशासन को पत्र लिखा है और आरोप लगाया है कि महिला के साथ मारपीट की गई है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है और दोषियों पर कार्रवाई की मांग रखी है। गौरतलब है कि पिछले दिनों (27-28 अक्टूबर 2025) को चाईबासा में नो एंट्री लागू करने की मांग को लेकर आदिवासी समाज के लोग सड़क पर उतरे थे और जमकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान पुलिस ने लाठी चलाई और दर्जनों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस महिला को भी जेल भेजा गया था। इस घटना से अब एक बार फिर लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

माधव चंद्र कुंकल ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के तानाशाही रवैए के कारण यह घटना हुई है। परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। शासन-प्रशासनिक की लापरवाही से एक बच्चा जो दुनिया में आने वाला था, उसकी मौत हो गई। यह बहुत ही दुखद है कि एक गर्भवती महिला को जबरन जेल भेजा गया।

प. सिंहभूम के सभी प्रखंडों में हुआ आवास योजनाओं का गृहप्रवेश

CHAIBASA : झारखंड राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में पश्चिमी सिंहभूम जिले के सभी 18 प्रखंडों में गृहप्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विभिन्न पंचायतों में 12 नवंबर को अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के लिए गृहप्रवेश कार्यक्रम में पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक खरसावां दशरथ गागराई, विधायक मनोहरपुर जगत माझी तथा अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित बीडीओ आदि उपस्थित रहे। इस दौरान लाभुकों ने अपने अनुभव साझा किए। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को तीन कमरों वाले पक्के मकान के साथ-साथ शौचालय एवं नल से जल योजना का भी लाभ दिया जा रहा है।

हजारीबाग में ढाबों पर पड़ा छापा, जब्त की गई शराब

शराब की बोतलें जब्त करते जवान

HAZARIBAG : उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार जिले में सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देशन में बुधवार को विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया थाना क्षेत्र में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत खरकट्टो ग्राम स्थित दिनेश यादव के घर- सह- दुकान में छापेमारी कर 8.64 लीटर विदेशी शराब तथा 23.4 लीटर बियर बरामद की गई। वहीं टाटीझरिया थाना क्षेत्र के गिरिधारी साव के होटल एवं नेशनल हाईवे किनारे संचालित होटल शीतल, होटल यादव जी, संध्या होटल तथा सन्नी लाइन होटल में भी छापामारी की गई, जहां से 35 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। सभी मामलों में संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए उन्हें फरार अभियुक्त घोषित किया गया है। यह छापामारी अभियान अवर निरीक्षक (उत्पाद) कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक (उत्पाद) भुनेश्वर नायक तथा प्रतिनियुक्त गृह रक्षकों की टीम द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया।

लोकधुन पर थिरका पलामू स्ट्रीट डांस में खूब झूमे लोग

कार्यक्रम का आनंद उठाते लोग

PALAMU : झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय पलामू की ओर से मेदिनीनगर के छहमुहान पर स्ट्रीट डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कला एकेडमी एवं डांस एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने झारखंडी आदिवासी नृत्य और पारंपरिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। शुरूआत पारंपरिक आदिवासी परिधानों में सजी छात्राओं द्वारा सड़क किनारे प्रस्तुत नृत्य से हुई। इसके बाद मंच पर गीत-नृत्य के रंग बिखरे। पारंपरिक पोशाकों में सजे छात्र-छात्राओं ने झारखंड के लोकनृत्य, नागपुरी, संथाली, करमा आदि की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। जोश और ऊर्जा से भरपूर प्रदर्शन के दौरान छहमुहान चौक पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर पलामू उपायुक्त समीरा एस ने कहा है कि राज्य स्थापना दिवस को लेकर प्रतिदिन कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से आमलोगों में राज्य स्थापना दिवस का गर्व और अपनत्व का भाव जागृत होता है।

रजत पर्व

राज्य सरकार का लक्ष्य- सबको मिले रोटी, कपड़ा व मकान : सांसद

कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद सुखदेव भगत

AGENCY LOHARDAGA : राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के बाद झारखंड स्थापना दिवस समारोह को आकर्षक बनाने को लेकर जारी पांच दिवसीय जिला स्तरीय समारोह के दूसरे दिन बुधवार को अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन कुडू पंचायत के माखाटोली गांव में आयोजित किया गया।

गृह प्रवेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद डीडीसी दिलिप प्रताप सिंह शेखावत एससी जितेंद्र मुंडा तथा अन्य थें। समारोह में अबुवा आवास की लाभुक अनिता उरांव प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुको रामी उरांव और मंगला उरांव का गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि राज्य सरकार बेहतर कार्य कर रही है। गरीबों की सरकार मे गरीबी हटाने को लेकर राज्य की महागठबंधन की सरकार कई जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य हैं कि आमजनों का जो सपना है अपना रोटी, कपड़ा तथा मकान का उसे साकार किया जाए। राज्य सरकार अबुवा आवास दे रही है, खाधान दे रहीं हैं साथ हीं मुख्यमंत्री धोती, साड़ी योजना के तहत कपड़ा दे रहीं हैं। मौके पर उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद ने कहा कि आमजनों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए जिला प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है। जिला मे 60 से 70 प्रतिशत आमजनों को अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास, मछुआरा आवास का लाभ दिया गया है। राज्य गठन के 25 वर्ष के मौके पर झारखंड स्थापना दिवस को आकर्षक बनाया जायेगा। सभा को विधायक डॉ रामेश्वर उरांव डीडीसी दिलिप प्रताप सिंह शेखावत तथा अन्य ने संबोधित किया। मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

तोरपा में 109 लाभुकों को सौंपी गई घर की चाबी

KHUNTI : तोरपा प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को विभिन्न पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 109 आवासों का गृह प्रवेश कराया गया। इनमें 95 अबुआ आवास, 13 प्रधानमंत्री आवास, तथा एक अम्बेडकर आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवास शामिल हैं। सभी लाभुकों ने अपने नये घरों में विधिवत प्रवेश किया। मुख्य कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां जिला परिषद सदस्य सुशांति कोनगाड़ी ने लाभुकों को आवास की चाबी एवं प्रमाण पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अबुआ आवास योजना के माध्यम से आमजनों के अपने घर के सपने को पूरा कर रही है, जिससे ग्रामीण परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रोहित सुरीन, मुखिया विनीता नाग, जॉन तोपनो, बुधराम कंडुलना, बीडीओ नवीन चंद्र झा, बीपीओ नरेंद्र कुमार, अमित कुमार, उप मुखिया राजू साहू सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों ने सरकार के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया।

BRIEF NEWS

सहकारिता संघ की बैठक में जिला इकाई का किया गया गठन

RANCHI : झारखंड कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, रांची बोर्ड की ओर से बुधवार को हिनू इंदिरा पैलेस में एक बैठक आयोजित करते हुए जिला फेडरेशन का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक अफ्रेम जॉर्ज कुजूर ने की। प्रबंध निदेशक अफ्रेम जॉर्ज कुजूर ने बैठक में कहा कि लोगों को कैसे अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए, इसके लिए रांची जिला क्षेत्र समेत अन्य जिलों में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यशाला आयोजित कर लाभुकों को प्रशिक्षण देते हुए फेडरेशन के कार्यों को समझाने पर भी बल देना चाहिए। फेडरेशन में नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान करने और डायरी कैलेंडर प्रिंटिंग के लिए भी प्रस्ताव पास किए गए। बैठक में प्रबंध निदेशक अफ्रेम जॉर्ज कुजूर, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मनोज कुमार सिन्हा, अनुमंडल अंकेक्षण पदाधिकारी अंजन चौधरी, अध्यक्ष निदेशक सत्येंद्र चौहान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

बस चालकों ने अपनी समस्याओं पर सांसद को सौंपा ज्ञापन

RANCHI : बस चालक कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर राज्यसभा सांसद महुआ माजी को ज्ञापन सौंपा। संघ के सचिव राणा बजरंगी सिंह ने बताया कि ड्राइवरों की समस्याओं का समाधान और उन्हें जागरूक करने के लिए बिरसा बस स्टैंड स्थित नगर निगम द्वारा बनाए गए स्थान को संघ को उपयोग के लिए दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल ड्राइवर और खलासी के इलाज में वाहन मालिक अक्सर सहयोग नहीं करते हैं। ऐसे में संघ उनकी मदद करता है। लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण यह मुश्किल हो रहा है। इसलिए सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है ताकि जरूरतमंद ड्राइवरों की समय पर मदद की जा सके। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ मिश्र, सचिव राणा बजरंगी सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद महफूज, मोहम्मद इकरामुल हक और मोहम्मद यासीन मौजूद थे।

तनुज खत्री ने कल्पना सोरेन को भेंट की अपनी पुस्तक 'टेलीकॉम सुनामी'

RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने बुधवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की और अपनी नवप्रकाशित पुस्तक टेलीकॉम सूनामी की एक प्रति उन्हें भेंट की। इस अवसर पर कल्पना सोरेन ने डॉ. तनुज खत्री को उनकी नई पुस्तक के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। टेलीकॉम सूनामी पुस्तक भारत के दूरसंचार उद्योग की यात्रा, विकास, चुनौतियों और भविष्य पर आधारित है।

डिग्री मिलने के बाद शुरू होती है मेहनत और संघर्ष की यात्रा : गवर्नर

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि नई यात्रा की शुरुआत है, जिसमें मेहनत, संघर्ष, सीख, साधना और आत्म-विश्वास का समावेश होता है। विद्यार्थी ही विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा और पहचान के वाहक होते हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांवों की आत्मा कृषि में है। कृषि केवल उत्पादन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, परिवार, पर्यावरण और जीवन-दर्शन से जुड़ी हुई है। भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखंड की भूमि कृषि, वनों और जैव-विविधता से समृद्ध है। किसान केवल ह्यअन्नदाताह्न ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के आधार हैं। समाज में किसान का सम्मान ही देश की वास्तविक समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने आह्वान किया कि कृषि को केवल आजीविका नहीं, बल्कि सम्मान और नवाचार के क्षेत्र के रूप में देखा जाना चाहिए। इस वर्ष विश्वविद्यालय से 1021 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जा रही हैं, जिनमें छात्राओं की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि यह बदलते भारत की नई तस्वीर है, जहां शिक्षित बेटियां समाज को दिशा दे रही हैं। वे अपने जीवन की नई यात्रा में आत्मविश्वास, ज्ञान और चरित्र के साथ आगे बढ़ें और अपने कार्यों से विश्वविद्यालय, राज्य और देश का नाम रोशन करें। भारत आज दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला देश है और आने वाले 25 वर्षों में यही युवा शक्ति भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी। पीएम के नेतृत्व में भारत आज विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है।

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़

राज्यपाल ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कोविड-19 महामारी के समय जब अनेक क्षेत्र संकटग्रस्त थे, तब कृषि क्षेत्र ने देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर रखा। उन्होंने किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि प्रसार कार्यकताओं को देश के सच्चे विकास-नायक बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज-संपन्न राज्य होते हुए भी इसकी बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है। उन्होंने जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई, फसल विविधीकरण, लघु कृषि मॉडल, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, लाह एवं मशरूम उत्पादन जैसे क्षेत्रों में संभावनाओं पर बल दिया। कहा कि झारखंड ने दलहन उत्पादन और सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसके लिए राज्य को 'कृषि कर्मण पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सूकर नस्ल 'झारसूक' की प्रशंसा की, जिसकी देशभर में मांग बढ़ रही है। जहां भी जाएं, अपनी मातृभूमि, गांव, किसान और अपनी जड़ों से जुड़े रहेंराज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आप जहां भी जाएं, अपनी मातृभूमि, गांव, किसान और अपनी जड़ों से जुड़े रहें।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह का किया गया आयोजन

इस वर्ष 1021 विद्यार्थियों को मिलीं उपाधियां

विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार व अन्य

उपलब्धियों की है लंबी फेहरिस्त : कृषि मंत्री

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश में हरित क्रांति के दौर के दौरान 1980 में छोटानागपुर के इलाके में बीएयू की स्थापना हुई। इस कृषि विश्वविद्यालय के साथ उपलब्धियों की लंबी फेहरिस्त जुड़ी है । देश के जीडीपी में कृषि क्षेत्र का 18 प्रतिशत का योगदान है। 70 प्रतिशत आबादी वाले समूह की ये भागीदारी वैसे तो कम है पर देश के किसानों की भूमिका को कभी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। कृषि विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को हमेशा इस बात का ध्यान रखना होगा कि कैसे किसानों की आय में वृद्धि हो, कैसे वो उन्नत कृषि के साथ जुड़ पाएं, कैसे झारखंड के किसान सशक्त बनें।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बैंक कर्मियों का किया उत्साहवर्धन, कहा-

बैंकरों में अपनी और लोगों की आय बढ़ाने की पर्याप्त क्षमता

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 93वीं त्रैमासिक बैठक बुधवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और बैंक कर्मियों का हौसला बढ़ाने का साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बैंकरों में अपनी और लोगों की आय बढ़ाने की पर्याप्त क्षमता है। वर्तमान में झारखंड की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय लगभग 1,05274 है, जबकि गिरिडीह, पलामू, चतरा, गढ़वा, दुमका और साहिबगंज समेत अन्य जिलों में यह आंकड़ा 50,000 से 60,000 के बीच ही है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और इस पर ध्यान देने की जरूरत है। बैंकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड के आर्थिक विकास में बैंकिंग क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन कई बैंकों की सुस्त कार्यप्रणाली और देरी से जनता निराश है। उन्होंने 'गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना' के लंबित आवेदनों पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिए कि 15 दिसंबर तक सभी लंबित आवेदनों का निपटारा कर दिया जाए।

समीक्षा के दौरान पता चला कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए 1,400 आवेदन अभी लंबित हैं, जिस पर उन्होंने इसे घोर लापरवाही बताया और लंबित आवेदनों का निपटारा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि हर योजनाओं के सुचारू और समयबद्ध क्रियान्वयन से ही युवाओं और लघु उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य पूरा होगा। बैठक में मंत्री ने 'सामाजिक सुरक्षा योजनाओं' में कमजोर प्रदर्शन, एनपीए (एनपीए) में अप्रत्याशित वृद्धि तथा कुछ जिलों में डीडीसी/डीएलबीसी बैठकें नहीं होने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बैंक जनहित योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि सभी बैंकों को शाखा विस्तार, वित्तीय साक्षरता और ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण वितरण को लेकर विशेष अभियान चलाना चाहिए, ताकि झारखंड की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके।

बैठक में मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, राज्य के अग्रणी बैंक, 24 जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक समेत कई अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर

निगम ने नक्शा उल्लंघन के कारण अपर बाजार में सील किया भवन

RANCHI : रांची नगर निगम ने वार्ड संख्या 21, अपर बाजार स्थित अशोक कुमार जैन के भवन को नक्शा उल्लंघन और नियम विरुद्ध निर्माण के मामले में सील करने का आदेश दिया है। नगर निगम को इस भवन के नक्शा विचलन की शिकायत मिली थी। जांच में पाया गया कि भवन का स्वीकृत नक्शा आवासीय उपयोग के लिए था, लेकिन मौके पर बी+जी+3 मंजिला वाणिज्यिक भवन बनाया जा रहा था। यह स्पष्ट रूप से नक्शा उल्लंघन का मामला था।

जीएसटी घोटाले के आरोपियों को हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इनकार

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड उच्च न्यायालय ने 800 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के दो आरोपितों को जमानत देने से इनकार कर दिया। दोनों आरोपितों ने जमानत के लिए याचिका दायर की थी। झारखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को कोलकाता के कारोबारी मोहित देवड़ा और शिव देवड़ा की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद दोनों की याचिकाओं को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की

अदालत में दोनों की याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों आरोपितों पर शेल कंपनियों के नाम पर जीएसटी इंट्री कर 800 करोड़ से अधिक के फजीर्वाड़े का आरोप है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रही है। ईडी ने इस मामले के सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया था। सभी आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

बिहार में 'महागठबंधन' हारा तो कांग्रेस और राजद होंगे जिम्मेदार : सुप्रियो भट्टाचार्य

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से कहा गया है कि महागठबंधन यदि बिहार विधानसभा का चुनाव हारता है तो इसकी जिम्मेवारी राजद और कांग्रेस पार्टी की होगी। पार्टी के महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने बुधवार को झामुमो कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि झामुमो बखूबी जानता है कि उसे बिहार चुनाव 2025 के परिणाम के बाद झारखंड महागंठबंधन को लेकर किस तरह से समीक्षा करनी

है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में यदि झामुमो साथ होता तो बात कुछ अलग होती। बिहार के चुनाव में कांग्रेस और राजद के निर्णय को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। घाटशिला उपचुनाव पर भट्टाचार्य ने घाटशिलावासियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि आमतौर पर शहरों में मतदान ज्यादा होने कि बातें कही जाती है। लेकिन पहली बार है जब गांव के लोगों ने बडी संख्या में मतदान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में जहां एक ओर झारखंड के पांच पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रचार किया वहीं दूसरी ओर झामुमो के एक मुख्यमंत्री अपने छह साल के कार्यकाल की उपलब्धियों के साथ दिखे।

दिल्ली धमाके के बाद रांची में सुरक्षा अलर्ट रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर सख्त निगरानी

PHOTON NEWS RANCHI : दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद झारखंड की राजधानी रांची में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। राजधानी के प्रमुख स्थलों बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची रेलवे स्टेशन, हटिया और मुरी स्टेशन सहित रांची रेल मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एहतियातन चौकसी बढ़ाते हुए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। डॉग स्क्वायड टीमों की तैनाती की गई है और यात्रियों और वाहनों की सघन जांच जारी है। एयरपोर्ट सुरक्षा समिति की बैठक के बाद विमान सुरक्षा मानकों को और मजबूत किया गया है। वहीं, रांची रेल मंडल के

अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख स्टेशनों को सुरक्षा घेरे में लेकर हाई अलर्ट पर रखा गया है। आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस मिलकर सुरक्षा का संयुक्त अभियान चला रही है। रांची रेल मंडल में सुरक्षा हमेशा से सख्त रही है, लेकिन केंद्रीय गाइडलाइन के तहत और भी कई नए उपाय जोड़े गए हैं। स्टेशनों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, पार्किंग जोन और प्लेटफार्मों पर गश्त बढ़ाई गई है। डॉग स्क्वायड और बम डिटेक्शन टीम लगातार निरीक्षण कर रही है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की तुरंत जांच की जा रही है। यात्रियों से भी अपील है कि वे किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत सूचना दें। कमांडेंट ने बताया कि रांची, हटिया और मुरी जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों के अलावा अन्य छोटे स्टेशनों को भी सुरक्षा के घेरे में रखा गया है। सभी प्लेटफार्मों और प्रवेश द्वारों पर जांच व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। रांची रेल मंडल के लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर भी विशेष सुरक्षात्मक कदम उठाए गए हैं।

भाजपा आदिवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास और उनके गौरव व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध : बाबूलाल

PHOTON NEWS RANCHI : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास, उनके गौरव और सम्मान बढ़ाने के लिए संकल्पित और समर्पित है। झारखंड में भाजपा के अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान ये बातें कही। मरांडी ने कहा कि बार-बार भाजपा संगठन और भाजपा सरकारों ने इस भाव को धरातल पर उतारा है। झारखंड इस दृष्टि से अग्रणी है। आज विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्षगांठ को 'राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस' घोषित किया, जो यह बताता है कि झारखंड का जनजाति समाज,यहां की भाषा और संस्कृति प्रधानमंत्री मोदी के दिल में बसता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह जनजाति गौरव दिवस केवल जनजाति समाज का ही सम्मान नहीं, बल्कि झारखंड के साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान है। इसके पूर्व भी भाजपा की सरकार ने ही श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य का सपना साकार किया। अलग राज्य गठन की तिथि भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को ही निर्धारित किया गया।

जनजातियों की हितैषी रही है बीजेपी : बाबूलाल मरांडी

बीजेपी प्रदेश कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बीजेपी और उसकी सरकार हमेशा से जनजातियों के हितैषी रही है। झारखंड के निर्माण से लेकर जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय बीजेपी के शासनकाल में ही हुआ है। अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड का निर्माण किया और पीएम नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों को सम्मान देने के लिए जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया, जिससे 15 नवंबर को देशभर में यह मनाया जा रहा है।

जरूरत विविध भाषाओं के संरक्षण पर उठ रहे सवाल

राज्य गठन के 25 साल बाद भी नहीं बनी भाषा परिषद

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य गठन के 25 साल पूरे होने के बावजूद झारखंड में अब तक भाषा परिषद का गठन नहीं हो सका है। देश के कई राज्यों में जहां भाषा परिषद सक्रिय रूप से काम कर रही है और स्थानीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन तथा विकास में योगदान दे रही है, वहीं झारखंड में इस दिशा में पहल कागजों तक ही सीमित दिखाई देती है। यह स्थिति उस राज्य के लिए चिंताजनक मानी जा रही है, जहां भाषाई विविधता उसकी पहचान है।

झारखंड में फिलहाल झारखंड भाषा परिषद नाम से कोई एकीकृत संस्था नहीं है, हालांकि राज्य में भाषाओं और साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए कुछ स्वतंत्र संगठन कार्यरत हैं, जैसे झारखंड साहित्य अकादमी और नागपुरी भाषा परिषद। झारखंड साहित्य अकादमी का गठन हाल के सालों में हुआ है, जिसमें स्थानीय भाषाविदों और साहित्यकारों को जोड़ा गया है जबकि नागपुरी भाषा परिषद, क्षेत्रीय स्तर पर नागपुरी भाषा और संस्कृति को सहेजने का काम कर रही है। भाषा परिषद किसी भी राज्य की भाषाई विरासत को संरक्षित करने, नई पीढ़ी को भाषा और साहित्य से जोड़ने तथा भाषाई एकता को प्रोत्साहित करने का कार्य करती है। ये संस्थाएं न केवल पुस्तकों के प्रकाशन और साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन करती हैं बल्कि लेखकों, कवियों और भाषाविदों को सम्मानित भी करती हैं। भारत के कई राज्यों में ऐसी परिषद दशकों से सक्रिय हैं। पश्चिम बंगाल में भारतीय भाषा परिषद (1975), बिहार में बिहार राष्ट्रभाषा परिषद (1950) और दिल्ली में भाषा भारती परिषद इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इन संस्थाओं के माध्यम से स्थानीय भाषाओं का समृद्ध साहित्य तैयार हुआ है और नई रचनात्मक पीढ़ी को मंच मिला है।

भाषा परिषद राज्य की भाषाई विरासत को संरक्षित करने का करती है कार्य

झारखंड की भाषाई विविधता

भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, झारखंड में 170 से अधिक मातृभाषाएं बोली जाती हैं। राज्य की आधिकारिक भाषा हिंदी है, जबकि दूसरी आधिकारिक भाषा उर्दू को मान्यता प्राप्त है। इसके अलावा राज्य में अनेक जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाएं जैसे संथाली, मुंडारी, हो, खड़िया, कुड़ुख, नागपुरी, खोरठा, कुरमाली, पंचपरगनिया, मगही, मैथिली, अंगिका और भोजपुरी व्यापक रूप से बोली जाती है। यह विविधता झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है लेकिन इस बहुभाषिक विरासत को संरक्षित करने के लिए संस्थागत प्रयासों का अभाव महसूस किया जा रहा है।

हीमोफीलिया मरीजों के परिजनों ने रोका स्वास्थ्य मंत्री का काफिला

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में हीमोफीलिया ग्रस्त बच्चों को फैक्टर-8 चढ़वाने आये परिजनों को आज अपने नौनिहालों के जीवन के खातिर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की गाड़ी तक रुकवानी पड़ गई। दरअसल, आज रिम्स के चिकित्सकों ने हीमोफीलिया ग्रसित मरीजों को फैक्टर-8 चढ़ाने का पर्चा ही नहीं बनाया, परिजनों के अनुसार कल की एक घटना के विरोध में चिकित्सकों ने ऐसा किया था। इसके बाद हिमोफिलिक मरीजों के सभी परिजन रिम्स प्रशासनिक भवन पहुंच गए और जैसे ही रिम्स जीबी की बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री का काफिला आगे बढ़ा, हीमोफीलिया ग्रसित बच्चों के परिजनों ने मंत्री के

काफिले को रुकवा कर अपनी पीड़ा सुनाई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि उन्होंने तत्काल रिम्स निदेशक को निर्देश दे दिया है कि वह हीमोफीलिया मरीजों की समस्याओं का समाधान कराएं। मरीजों के परिजनों ने कहा कि मरीज को अस्पताल में दवाई (फैक्टर-8) नहीं मिल रही। इसी वजह से उन्होंने मंत्री की गाड़ी रोक उनसे अपनी व्यथा बताई है।

आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन पर चलाया सघन जांच अभियान

RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे स्टेशन पर सघन जांच अभियान चलाया। आरपीएफ से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची रेल मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लोहरदगा आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों और स्टाफ की ओर से वर्तमान सुरक्षा परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर, सकुर्लेटिंग एरिया तथा पार्किंग जोन में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान अल्ट्रा वेहिकल स्कैनिंग सिस्टम (यूवीएसएस) मशीन की सहायता से सभी वाहनों की गहन जांच की गई, परंतु किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। पार्किंग स्टाफ से पूछताछ करने पर यह जानकारी मिली कि पार्किंग क्षेत्र में कोई भी वाहन लंबे समय से खड़ा नहीं है।

समाचार सार

बाइक चोरी कर भाग रहे दो चोर दबोचे गए

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में चक्रधरपुर पुलिस ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अगस्ती प्रधान और सुसेन प्रधान शामिल हैं, जो सरायकेला-खरसावां जिले के रहने वाले हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात व्यक्ति खूंटपानी मेला से बाइक चोरी कर सोनुवा की ओर भाग रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने रामचंद्रपुर स्थित सोनुवा रोड पर वाहन चेकिंग लगाई और दो बाइक सवारों को रोककर पूछताछ की। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने खूंटपानी मेला से बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सोनारी में कांग्रेस नेत्री के घर 10 लाख की चोरी

JAMSHEDPUR : सोनारी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर फेज-4 में महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीता चौधरी के घर से करीब 10 लाख रुपये के जेवरात और नकदी चोरी हुई है। घटना उस समय हुई, जब पुनीता चौधरी एक हफ्ते से अस्पताल में भर्ती हैं। परिवार के सभी सदस्य उनके इलाज में लगे थे। घर खाली होने का फायदा उठाते हुए चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर अलमारी में रखे कीमती आभूषण व नकदी ले भागे। हालांकि चोरों के घर में घुसने और निकलने की पूरी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

अबुल कलाम आजाद की मनाई गई जयंती

GHATSILA : सोना देवी विश्वविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया गया, जिसमें देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती भी मनी। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. शिवचंद झा व संस्कृत की सहायक प्राध्यापक कुमारी निकिता ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर छात्रों ने भी शिक्षा के प्रति अपने विचार प्रस्तुत किए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चला प्रशिक्षण सत्र

GHATSILA : संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में बुधवार को कक्षा प्रबंधन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत शिक्षाविद सपना मिश्रा के टिप्स फॉर हैप्पी क्लासरूम के साथ हुई। प्राचार्य श्रीनिवास मिश्रा ने भी क्लासरूम मैनेजमेंट के विभिन्न तरीके बताए। इस सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र तथा एनडीटीवी में कई करंट अफेयर्स प्रोग्राम के शोधकर्ता रहे नरेंद्र मिश्रा भी प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, इक्कीसवी सदी के कौशल की रूपरेखा, स्कूली शिक्षा की संरचना, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, कला एकीकरण, परख आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। अनूप कुमार पटनायक, विद्यालय सह सचिव एस के देवड़ा, रामगोपाल चौमाल तथा प्रशासक डॉ. प्रसेनजीत कर्मकार भी उपस्थित थे।

नववर्ष पर हुड़दंग किया, तो ग्रामीण लगाएंगे जुर्माना

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में नववर्ष के आगमन को लेकर गुलकेडा पंचायत के चिरूबेडा गांव में बुधवार को गांव के बुजुर्ग मछुआ बारला की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें उपमुखिया रवि गोप भी मौजूद थे। ग्रामीणों ने कहा कि नववर्ष आने में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। संजय नदी के पंप डैम में पिकनिक का माहौल रहता है। यहां शराब का सेवन तो होता ही है, प्रेमी-प्रेमिका भी अपनी हरकतों से माहौल खराब करते हैं। इस बार पिकनिक स्थल पर शराब पीते हुए पकड़े जाने पर 500 एवं अभद्र व्यवहार पर प्रेमी-प्रेमिका से 1000 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। पिकनिक के मौसम में लोग परिवार के साथ आनंद उठाएं, लेकिन डैम के आसपास शराब के सेवन पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। इस दौरान विभिन्न स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में सुराय बारला, सावित्री बारला, बबलू बारला, राजेन बारला, बालवीर बारला, सिंगबुई बारला आदि ग्रामीण भी मौजूद थे।

पुण्यतिथि पर याद किए गए महामना मालवीय

JAMSHEDPUR : भारतीय जन महासभा ने बुधवार को महामना पं. मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। अध्यक्ष धर्म चंद्र पोद्दार ने मानगो स्थित आवास और संस्था के विशेष सलाहकार प्रकाश मेहता ने आदित्यपुर में महामना के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। पोद्दार ने बताया कि पं. मालवीय ने ने गंगा महासभा, हिंदू महासभा एवं बनारस हिंदू काशी विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य को दीक्षा भी मालवीय जी ने ही दी थी।

गर्लफ्रेंड के इशारे पर अशोक ने दीपक के सीने में मार दी थी गोली

भुइयांडीह में दीपक विभार की हत्या में शामिल तीन और आरोपी गिरफ्तार, सिक्सर व पिस्टल बरामद

- दोस्त की प्रेमिका पर थी नजर, मना करने पर की थी बदतमीजी

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में दीपावली की रात हुई दीपक विभार की हत्या लव ट्रैंगल के चलते हुई थी। दीपक ने अपने एक दोस्त की प्रेमिका पर डोरे डालने शुरू किए थे और फोन पर उसे पटाने की कोशिश की थी। युवती के मना करने पर उसे कुछ उल्टा-सीधा बोल दिया था। इस पर युवती ने अपनी सहेली को सारी बात बताई और कहा कि जब से दीपक विभार ने उससे बदतमीजी की है, वह चैन से सो नहीं पा रही है। युवती की सहेली घटना के मुख्य हत्यारोपी अशोक यादव की माशूका थी। उसने इस संबंध में अशोक से कहा कि वह दीपक विभार को सबक सिखाए। सूत्र बताते हैं कि इसी के बाद अशोक, दीपक विभार को सबक सिखाने के लिए उतावला हो गया था। उसकी गर्लफ्रेंड ने अशोक से कहा था कि वह ऐसा कर दे कि दीपक विभार फिर उसकी सहेली से कभी बात नहीं करे। बताते हैं कि अशोक यादव को 20 अक्टूबर की रात दीपक विभार भुइयांडीह कान्हू भट्ठा के पास जुए के अड्डे पर मिल गया। फिर क्या था। अशोक ने अपने एक साथी प्रेम यादव के साथ दीपक को घेर लिया। अशोक के पास एक देसी पिस्टल थी। जबकि, प्रेम यादव देसी रिवॉल्वर लिए हुए था। बताते हैं कि अशोक यादव ने दीपक को ललकारा और उससे कहा कि वह उसकी प्रेमिका की सहेली से दूर रहे। मगर, दीपक विभार नहीं मान रहा था। दीपक को खौफजदा करने के लिए अशोक यादव ने अपनी पिस्टल से एक हवाई फायरिंग की। मगर, दीपक पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उल्टे दीपक, अशोक को देख लेने की धमकी देने लगा। इस पर गुस्से से लाल हो चुके अशोक यादव ने अपनी पिस्टल दीपक विभार के सीने पर तान दी और गोली चला दी थी। इसके बाद प्रेम यादव ने घटनास्थल पर दहशत फैलाने के लिए कई हवाई फायरिंग की थी। दीपक गंभीर रूप से घायल हुआ था और बाद में उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया था।

दोस्त के सिम के सहारे उसकी प्रेमिका तक पहुंचा था दीपक : सूत्र बताते हैं कि दीपक विभार के दोस्त ने अपना मोबाइल बेच दिया था। मोबाइल बेचने के बाद उसने इसका सिम निकाल कर दीपक विभार को दे दिया। दीपक विभार इस सिम को अपने मोबाइल में इस्तेमाल करने लगा। यह बात दोस्त की गर्लफ्रेंड को पता नहीं थी। उसकी गर्लफ्रेंड ने फोन किया तो दीपक विभार ने उठाया और उसे पटाने की कोशिश करने लगा। दीपक के दोस्त की गर्लफ्रेंड ने यह बात अपनी सहेली से बताई। उसकी सहेली घटना के मुख्य आरोपी अशोक यादव की माशूका थी। इसके बाद हत्या की पूरी पटकथा लिखी गई।

बाबूडीह कब्रिस्तान से हुई गिरफ्तारी

इस मामले में सिदगोड़ा थाने में हत्या का केस दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के निर्देश पर डीएसपी (सिटी) के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। गुप्त सूचना पर टीम ने मुख्य अभियुक्त अशोक यादव को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद घटनास्थल पर अशोक के साथ मौजूद आरोपी प्रेम यादव और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी बुधवार शाम पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बाबूडीह कब्रिस्तान इलाके से की गई। एसपी ऑफिस स्थित डीएसपी हेडक्वार्टर-1 भोला प्रसाद सिंह ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

अशोक को लिया गया था रिमांड पर

बाद में पुलिस ने अशोक यादव को रिमांड पर लिया और उससे पूछताछ की तो अशोक यादव ने बताया कि घटनास्थल पर उसके साथ सिदगोड़ा के बाबूडीह निवासी प्रेम यादव भी मौजूद था। प्रेम यादव ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त देसी रिवॉल्वर उसके साथी बाबूडीह लाल भट्ठा निवासी रौशन यादव के पास है। इसके बाद पुलिस ने रौशन यादव को उठाया। उसने बताया कि हथियार बाबूडीह लाल भट्ठा के रहने वाले अंगद मुखी के पास है। पुलिस ने भुइयांडीह डंपिंग यार्ड से देसी रिवॉल्वर और देसी पिस्टल, दो मैगजीन और सात कारतूस बरामद कर लिया।

एमएनपीएस के बाहर झड़प में छात्र की पीठ में घोंपा चाकू, टीएमएच में इलाजरत

स्कूल की सीढ़ी पर बहस होने के बाद शुरू हो गई मारपीट

PHOTON NEWS JSR : बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के बाहर बुधवार को छात्रों के बीच झड़प ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक छात्र ने अपने दोस्तों को बुलाकर स्कूल के छात्र गोलमुरी के रहने वाले तौसीफ खान पर चाकू से हमला कर दिया। तौसीफ की पीठ पर चाकू घोंपने के साथ स्कूल परिसर और आसपास में अफरातफरी मच गई। लहूलुहान तौसीफ को इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन टीएमएच पहुंचे।

बताते हैं कि छुट्टी के बाद तौसीफ खान और एक अन्य छात्र सीढ़ी से नीचे उतर रहे थे। तभी दोनों के बीच हल्की टक्कर हो गई। मामूली बात पर उनके बीच कहासुनी शुरू हो गई और गुस्से में आरोपी छात्र ने बाहर से अपने दोस्तों को बुला लिया। कुछ देर बाद आरोपी के साथी स्कूल के मुख्य गेट के पास सड़क पर राजेंद्र विद्यालय के करीब जमा हो गए।

जैसे ही तौसीफ स्कूल परिसर से बाहर निकला, आरोपियों ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इसी समय एक युवक ने चाकू निकालकर तौसीफ की पीठ पर वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। वहां मौजूद छात्रों ने फौरन वारदात की सूचना स्कूल स्टाफ को दी। जख्मी छात्र को टीएमएच ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

टीएमएच में इलाजरत घायल छात्र

शक्की पति ने पत्नी को मारा चांटा, हो गई मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने अवैध संबंध के शक में अपनी 35 वर्षीय पत्नी सालमी कांडुलना की हत्या कर दी। आरोपी पति पृथ्वी कंडुलना ने पुलिस को बताया कि उसने मंगलवार की रात को अपनी पत्नी को डोमलाई गांव के सुकरा टोपनो के साथ आपत्तिजनक अवस्था में देख लिया था, जिसके बाद उसने अपनी पत्नी को थप्पड़ मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को बरामद कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए चक्रधरपुर भेज दिया है। सुकरा टोपनो ने कहा कि वह सालमी को अपनी बहन मानता था और उसकी पत्नी को ढूंढते हुए पुरनापानी गांव आया था। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

कपाली में पकड़ा गया चोर लोगों ने की जमकर पिटाई

JAMSHEDPUR : सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र से बुधवार को रंगेहाथ चोर पकड़ा गया। यहां सरफुद्दीन मस्जिद के पास रहने वाले मकसूद आलम सुबह घर का सामान लेने के लिए पास के टीओपी चौक गए थे। इसी बीच उनके घर में दो युवक घुस गए और चाकू दिखाकर महिलाओं को धमकाया। इसके बाद अलमारी में रखे सोने के जेवरात लेकर भागने लगे। शोरगुल सुनते ही आसपास के लोग जुट गए। लोगों ने एक युवक को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया। जबकि, उसका साथी फरार हो गया। पकड़ा गया युवक चाकू लिए हुए था। गुस्साई भीड़ ने उसकी जमकर पिटाई की और पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ में युवक ने बताया कि चोरी का सामान उसने पास की झाड़ी में फेंक दिया है। खोजने पर सोने की एक बाली मिल गई। उसने बताया कि बाकी गहने उसका साथी लेकर भाग गया।

आरोपी ने अपने साथी का नाम पिंटा बताया, जो गैस गोदाम के पास किराए के मकान में रहता है। मौके पर पहुंची कपाली ओपी पुलिस ने पकड़े गए युवक फैजान अख्तर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इसके साथ ही फरार आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

पकड़ा गया युवक

कल 20 राउंड में होगी मतगणना स्ट्रांग रूम में रहेगी त्रिस्तरीय सुरक्षा

JAMSHEDPUR : घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव की काउंटिंग 14 नवंबर जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज परिसर में की जाएगी। इसके लिए कुल 15 काउंटिंग टेबल तैयार की गई हैं, जहां 20 राउंड में मतगणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाइजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट और एक माइक्रो-ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे। काउंटिंग सुपरवाइजर ईवीएम की सील की जांच और प्रक्रिया की निगरानी करेंगे, जबकि काउंटिंग असिस्टेंट नियंत्रण इकाई से परिणाम पढ़कर फॉर्म में दर्ज करेंगे। माइक्रो-ऑब्जर्वर हर राउंड में पारदर्शिता सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक हॉल में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर समन्वय की भूमिका निभाएंगे। निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार वीवीपैट पर्चियों की भी गिनती की जाएगी। काउंटिंग के लिए बुधवार को कर्मचारियों की महिला विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग चली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने सिदगोड़ा में महिला विश्वविद्यालय में मतगणना दलों को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना प्रक्रिया निर्वाचन की विश्वसनीयता का सबसे अहम पहलू है, इसलिए हर एक अधिकारी चुनाव आयोग के निदेर्शों का पूरी तरह पालन करेंगे। सभी ईवीएम को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है।

घाटशिला प्रखंड में सबसे ज्यादा 73,243 लोगों ने किया वोट : विधानसभा उपचुनाव में घाटशिला प्रखंड में सबसे ज्यादा मतदान हुआ है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, घाटशिला प्रखंड में लगभग 73,243 मतदाताओं ने वोट डाले। दूसरे नंबर पर मुसाबनी प्रखंड रहा, जहां लगभग 56,923 वोट डाले गए। इसी प्रकार धालभूमगढ़ प्रखंड में 40,225 और गुड़ाबांदा प्रखंड में 13,334 लोगों ने मतदान किया।

घाटशिला उपचुनाव के ईवीएम स्ट्रांग रूम में हुए सील, प्रत्याशियों के लग गए कैंप

भाजपा के टेंट में खुद बैठे बाबूलाल, जेएमएम के शिविर में नेताओं का जमावड़ा

- कल होगी मतगणना सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे हो रही निगरानी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

MUJTABA RIZVI @ JSR : घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव में मतदान के बाद अब लोगों को 14 नवंबर को होने वाली मतगणना का बेसब्री से इंतजार है। मतदान के बाद ईवीएम को-आपरेटिव कॉलेज में स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रख दी गई है। ईवीएम की रखवाली के लिए भाजपा और जेएमएम के कार्यकर्ता पूरे जोशो-खरोश के साथ को-ऑपरेटिव कालेज में डट गए हैं। यहां भाजपा और जेएमएम के तंबू नजर आ रहे हैं। जेकेएलएम का तंबू गायब है। दोनों ही खेमे में चुनाव की ही चर्चा चल रही है।

को-ऑपरेटिव कॉलेज में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। यहां का माहौल गुलजार हो गया है। गेट पर ही सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं। को-ऑपरेटिव कॉलेज में आम लोगों के घुसने पर पाबंदी है। गेट पर तैनात जवान सिर्फ अधिकारियों और कर्मचारियों को ही आने-जाने दे रहे हैं। सभी का आईकार्ड चेक करने के बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया जा रहा है। को-ऑपरेटिव कॉलेज में अंदर घुसने के बाद मुख्य सड़क के किनारे ही जेएमएम का तंबू लगा है। यहां जेएमएम के कई वरिष्ठ नेता बैठकर चुनाव पर चर्चा कर रहे थे।

को-ऑपरेटिव कॉलेज परिसर में टेंट के अंदर बैठे झामुमो के नेता व कार्यकर्ता

इनमें पूर्व सांसद सुमन महतो के अलावा, अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। चर्चा में सभी यह उम्मीद जता रहे हैं कि घाटशिला उप चुनाव में उनकी ही जीत होगी। यहां से जेएमएम चुनाव जीत रही है। पूर्व सांसद सुमन महतो कहती हैं कि सोमेश सोरेन को हराने वाला कोई नहीं है। सीएम और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने यहां डेरा डाल दिया था। काफी मेहनत की है। एक कार्यकर्ता इस पर तपाक से बोलता है- इस मेहनत का फल मीठा ही निकलेगा।

जेएमएम के टेंट से थोड़ा आगे चल कर भाजपा का तंबू है। इस टेंट में भाजपा के उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन अपने दो-तीन साथियों के साथ डटे थे।

समस्या सड़कों पर फेंका जा रहा कचरा, नगर निगम को ऑटो टिपर, कंपैक्टर और ई-रिक्शा की है जरूरत

डोर-टू-डोर कचरा उठाव से महरूम हैं मानगो के 28 हजार घर

MUJTABA RIZVI @ JSR : मानगो में अभी 28 हजार से अधिक घरों से डोर-टू-डोर कचरा उठाव नहीं हो पा रहा है। यानी, मानगो का आधा इलाका डोर-टू-डोर कचरा उठाव की योजना से महरूम है। इसके पीछे नगर निगम के पास संसाधनों की कमी है। जो एजेंसी डोर-टू-डोर कचरा उठाव कर रही है, उसे ऑटो टिपर, कैंपेक्टर और ई रिक्शा पर्याप्त मात्रा में चाहिए। मगर, नगर निगम एजेंसी की डिमांड पूरा नहीं कर पा रहा है। इस वजह से अभी मानगो के 40 प्रतिशत घरों से ही कचरा उठाव हो रहा है। सभी घरों से कचरा उठाव नहीं होने की वजह से मानगो में हर तरफ गंदगी का अंबार नजर आ रहा है। सड़कों के किनारे भी कचरे के ढेर लगे हैं। क्योंकि, जो लोग एजेंसी को कचरा नहीं दे रहे हैं, वह इसे बाहर कहीं भी फेंक दे रहे हैं। इससे मानगो गंदा नजर आता है और इसे साफ-सुथरा रखने की नगर निगम की योजना धराशायी हो गई है। मानगो में कुल 48 हजार घर हैं। इनमें से 20 हजार घरों को ही अब तक डोर-टू-डोर कचरा उठाव योजना से जोड़ा जा सका है। बाकी घरों से अभी कचरा उठाव नहीं हो रहा है। मानगो नगर निगम ने कचरा उठाव का ठेका क्यूब आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को दिया है। मानगो नगर निगम की तरफ से इस एजेंसी को घरों से कचरा उठाव के लिए 26 ऑटो टिपर, दो रिफ्यूज कंपैक्टर, दो टाटा 407 गाड़ी दी है। जबकि, एजेंसी का कहना है कि यह संसाधन अपर्याप्त हैं। उन्हें मानगो के सभी 48 हजार घरों से कचरा उठाव के लिए और गाड़ियां चाहिए।

मानगो नगर निगम में लगे कचरा उठाव के वाहन ● फोटोन न्यूज

चाहिए ये संसाधन		मौजूदा वाहन	
ऑटो टिपर	- 54	ऑटो टिपर	- 26
मिनी कंपैक्टर	- 10	कंपैक्टर	- 2
ई-रिक्शा	- 10	टाटा 407	- 2

नगर विकास विभाग को भेजा गया गाड़ियों की खरीद का प्रस्ताव

एजेंसी के कहने पर मानगो नगर निगम ने नगर विकास विभाग को और गाड़ियां उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेज दिया है। रांची को जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसमें 54 ऑटो टिपर, 10 मिनी कंपैक्टर और 40 ई-रिक्शा की मांग की गई है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि नगर विकास विभाग से प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने के बाद इन गाड़ियों की खरीद के लिए आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

उठाव में भी लापरवाही बरत रही एजेंसी

आधे से अधिक घरों से कचरा उठाव नहीं होने से मानगो की तस्वीर बदरंग नजर आती है। सड़कों के किनारे कचरे का अंबार रहता है। यही नहीं, जिन घरों से कचरा उठाव हो रहा है, वहां भी एजेंसी की तरफ से लापरवाही बरती जा रही है। कई लोगों की शिकायत है कि एजेंसी के कर्मी कभी कभी किसी घर से कचरा उठाव नहीं करते। ऐसे में घर के सामने कचरा पड़ा बदबू करता रहता है। यही नहीं, कई अपार्टमेंटों से भी ऐसी ही शिकायत है कि कर्मी कभी-कभी डंडी मार जाते हैं और दिन भर कचरा उठाव नहीं होने से कूड़ा अपार्टमेंट में ही पड़ा रहता है। लोगों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारी इस समस्या पर ध्यान दें और घरों से रोज कचरा उठाव किया जाए।

देसी कट्टा दिखाकर धमकाने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना अंतर्गत मंगलवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि दो लड़के एक देसी कट्टा लेकर जैतगढ़ बाजार के पास आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। इस पर जगन्नाथपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी विश्वनाथ हेम्ब्रम व इसरारुल हक सशस्त्र बल के साथ वहां पहुंचे। पुलिस के जैतगढ़ में बाजार टांड के पास पहुंचते ही दोनों नदी की ओर भागने लगे। इसमें एक लड़का भाग गया, जबकि दूसरा राहुल करुवा (19) पकड़ा गया। वह ग्राम हाट टांडी जैतगढ़ थाना जगन्नाथपुर का रहने वाला है। राहुल के पास से पुलिस ने देसी कट्टा बरामद कर लिया। पुलिस दूसरे लड़के की तलाश कर रही है।

कोणार्क सूर्य मंदिर के शिखर पर लगे पत्थर के बारे में जो बताया जाता है वह कितना सच है

ओडिशा के कोणार्क शहर में प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शामिल हैं। वैसे तो इस मंदिर का निर्माण हजारों वर्षों पूर्व हुआ माना जाता है लेकिन कई इतिहासकार मानते हैं कोणार्क सूर्य मंदिर का निर्माण 1253 से 1260 ई. के बीच हुआ था। भारत के सुप्रसिद्ध मंदिरों में शुमार कोणार्क सूर्य मंदिर में सूर्य देव को रथ के रूप में विराजमान किया गया है तथा पत्थरों को उत्कृष्ट नक्काशी के साथ उकेरा गया है। स्थानीय लोग यहां सूर्य-भगवान को बिरंचि-नारायण भी कहते थे।

कोणार्क सूर्य मंदिर की खासियत

केसरी वंश के राजा द्वारा निर्मित इस मंदिर की शिल्पकला दर्शनीय है। मंदिर का निर्माण सूर्य के काल्पनिक रथ का रूप देकर किया गया है। सूर्य मंदिर चौकोर परकोटे से घिरा है। इसके तीन तरफ ऊंचे-ऊंचे प्रवेशद्वार हैं। पूरब दिशा में मुख्य द्वार है जिसके सामने समुद्र से सूर्य उदय होता दिखाई पड़ता है। इसमें सूर्य भगवान को अपने विशाल चौबीस पहियों तथा सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर दिनभर की यात्रा के लिए निकलते हुए दिखाया गया है। रथ के सात घोड़ों को सूर्य के प्रकाश के सात रंगों तथा चौबीस पहियों की परिक्रमा के प्रतीक रूप में दिखाया गया है। कोणार्क सूर्य मंदिर ओडिशा के स्वर्णकाल तथा कलिंग शैली की शिल्पकला का प्रतीक है। इस मंदिर की दीवारों पर पत्थर की नक्काशी की हुई अनेक आकर्षक प्रतिमाएं हैं। सूर्य भगवान के रथ की अलंकृत नक्काशी वाला यह बेजोड़ मंदिर भव्यता में अद्भुत है।

कोणार्क मंदिर से जुड़ी अजब कथा

कई कथाओं में इस प्रकार का उल्लेख मिलता है कि कोणार्क सूर्य मंदिर के शिखर पर एक चुम्बकीय पत्थर लगा है जिसके प्रभाव से, कोणार्क के समुद्र से गुजरने वाले सागरपोत इस ओर खिंचे चले आते हैं, जिससे उन्हें भारी क्षति हो जाती है। एक अन्य कथा में उल्लेख मिलता है कि शिखर पर लगे इस पत्थर के कारण पोतों के चुम्बकीय दिशा निरूपण यंत्र सही दिशा नहीं बता पाते थे इसलिए कुछ आक्रांता इस पत्थर को निकाल कर ले गये जिससे मंदिर को नुकसान हुआ था। हालांकि यह सब कही-सुनी बातें हैं इसका कोई ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है।

कोणार्क मंदिर देखने कैसे आएं

यदि आप भी कोणार्क सूर्य मंदिर आना चाहते हैं तो भुवनेश्वर और पुरी से यहां आसानी से आ सकते हैं। ओडिशा पर्यटन विकास निगम की ओर से यहां भ्रमण की भी व्यवस्था कराई जाती है। वैसे कोणार्क में रहने की भी पर्याप्त व्यवस्था है। पर्यटक चाहें तो भुवनेश्वर से यहां आकर भ्रमण कर के उसी दिन वापस लौट सकते हैं। कोणार्क में रहने के लिए पर्यटन विभाग के लाज, टूरिस्ट बंगला और निरीक्षण भवन भी हैं।

कोणार्क का समुद्र तट भी अवश्य देखें

कोणार्क का समुद्र तट विश्व के सुंदरतम तटों में से एक माना गया है। यहां समुद्र के रेतीले गुट का आनंद उठाया जा सकता है। समुद्र की खूबसूरती निहारते हुए उठती-गिरती लहरों को देखना मंत्रमुग्ध कर देता है। यह एक सुंदर पिकनिक स्थल भी है। समुद्र तट सूर्य मंदिर से तीन किलोमीटर दूर है। इसके अलावा कोणार्क की दुर्लभ कलाकृतियों का संग्रह देखने के लिए मंदिर के पास ही स्थित संग्रहालय भी जा सकते हैं।



गुजरात का यह मंदिर दिन में दो बार हो जाता है गायब, जानिए क्या है रहस्य

भारत में कई हिस्सों में भगवान शिव के कई प्राचीन मंदिर हैं जहाँ दूर-दूर से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। लेकिन आज हम आपको भगवान शिव के एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो दिन में दो बार गायब हो जाता है। जी हाँ, गुजरात में स्थित स्तंभेश्वर मंदिर को 'गायब मंदिर' भी कहा जाता है। देश-विदेश से शिव भक्त अपनी मनोकमना पूर्ण होने की कामना के साथ इस मंदिर में आते हैं। आइए जानते हैं भगवान भोलेनाथ के इस अद्भुत मंदिर के बारे में -

वडोदरा के पास स्थित है स्तंभेश्वर मंदिर

स्तंभेश्वर मंदिर गुजरात के जम्बूसार तहसील में कवि कंबोई गांव में स्थित है। यह मंदिर वडोदरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित होने के कारण वडोदरा के पास सबसे लोकप्रिय दार्शनिक स्थलों में से एक है। यह मंदिर लगभग 150 साल पुराना है और इसे %गायब मंदिर% भी कहा जाता है। सालभर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। खासतौर पर सावन के महीने में इस मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से महादेव के दर्शन करने के लिए यहां आते हैं।

स्कंद पुराण में मिलता है उल्लेख

स्कन्द पुराण में दिए गए उल्लेख के अनुसार स्तम्भेश्वर मंदिर को भगवान कार्तिकेय के ताड़कासुर नाम के राक्षस को नष्ट करने के बाद स्थापित किया था।

कहा जाता है कि राक्षस ताड़कासुर भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त था। उसने भगवान को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या कीऔर भोलेनाथ ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसे एक वरदान मांगने को कहा। तब ताड़कासुर ने आशीर्वाद माँगा कि भगवान शिव के छह दिन के पुत्र के अलावा कोई भी उसे मार न सके। उसकी इच्छा पूरी होने के बाद, ताड़कासुर ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा दिया। तब ताड़कासुर के अत्याचार को समाप्त करने के लिए भगवान शिव ने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से भगवान कार्तिकेय की रचना की। ताड़कासुर को मारने वाले भगवान कार्तिकेय भी उसकी शिव भक्ति से प्रसन्न थे। इसलिए, प्रशंसा के संकेत के रूप में, उन्होंने उस स्थान पर एक शिवलिंग स्थापित किया जहां ताड़कासुर का वध किया गया था।

मंदिर के गायब होने के पीछे है यह वजह

स्तंभेश्वर मंदिर के गायब होने के पीछे की वजह प्राकृतिक है। दरअसल, यह मंदिर समुद्र के किनारे से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है। इसलिए दिन में समुद्र का स्तर इतना बढ़ जाता है कि मंदिर जलमग्न हो जाता है। फिर कुछ जो देर में जल का स्तर घट जाता है जिससे मंदिर फिर से दिखाई देने लगता है से प्रकट होता है। चूंकि समुद्र का स्तर दिन में दो बार बढ़ जाता है इसलिए मंदिर हमेशा सुबह और शाम के समय कुछ देर के लिए गायब हो जाता है। इस नज़ारे को देखने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से इस मंदिर में आते हैं।

बिना तेल और घी के जलता है दीया, तिरुपति बालाजी मंदिर से जुड़े चमत्कारी रहस्यों के बारे में कितना जानते हैं आप?

भारत में एक ऐसा मंदिर मौजूद है जहाँ भगवान स्वयं विराजमान है। यह मंदिर है भगवान तिरुपति बालाजी का जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मन्दिर भारत के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में से एक है। तिरुमला की पहाड़ियों पर बना श्री वैंकटेश?वर बालाजी मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के तिरुपति में स्थित है। यह मंदिर समुद्र तल से 3200 फीट ऊंचाई पर स्थित है और तिरुपति के सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति एक बार यहाँ दर्शन कर ले उसके भाग खुल जाते हैं। इस मंदिर की लोकप्रियता से हर कोई वाकिफ है पर क्या आप मंदिर के चमत्कारी रहस्यों के बारे में जानते हैं। आज हम आपको इन्हीं रहस्यों के बारे में बताने वाले हैं-

मान्यता है कि जब भगवान की पूजा की जाती है तो उनकी मूर्ति मुस्कुराने लगती है। भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी की मूर्ति में माता लक्ष्मी भी समाहित है। मान्यता है कि भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर की मूर्ति इस मंदिर में स्वयं प्रकट हुई थी।

कहा जाता है भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी की मूर्ति पर लगे हैं बाल असली हैं। यह बाल कभी भी उलझते नहीं हैं और हमेशा मुलायम रहते हैं।

जब आप मंदिर के गर्भ गृह के अंदर जायेंगे तो ऐसा लगेगा कि भगवान श्री वेंकटेश्वर की मूर्ति गर्भ गृह के मध्य में स्थित है, पर जब आप गर्भ गृह से बाहर आकर मूर्ति को देखेंगे तो प्रतीत होगा कि भगवान की प्रतिमा दाहिनी तरफ स्थित है।

तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर समुद्र तल से 3200 फीट ऊंचाई पर स्थित है लेकिन फिर भी भगवान की मूर्ति से समुद्र की आवाजें सुनाई देती हैं। यहाँ के लोगों का मानना है कि भगवान की यह मूर्ति समुद्र से प्रकट हुई थी इसलिए इससे समुद्र की आवाज सुनाई देती है।

तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर के द्वार पर एक छड़ी रखी हुई है। इस छड़ी को लेकर अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित है। एक कथा के अनुसार जब भगवान विष्णु धरती पर माता लक्ष्मी को ढूंढने आये थे तो यह छड़ी उन्हें उनका पता बता रही थी। ऐसी मान्यता है कि यह वहीं छड़ी है जिससे बचपन में भगवान वेंकटेश्वर जी को चोट लगी थी। चोट का निशान आज भी उनकी मूर्ति के चेहरे पर है। इसलिए हर शुक्रवार उनके चेहरे पर चन्दन का लेप लगाया जाता है।

श्री तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में श्रृंगार, प्रसाद के चढ़ाये जाने वाली सामग्री तिरुपति बालाजी के गांव से आती है। यह गांव मंदिर से 23 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहाँ बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध है।

श्री वेंकेटेश्वर बालाजी मंदिर में एक ऐसा दीया रखा हुआ है जो हमेशा जलता रहता है और चौंकाने वाली बात यह है कि इस दीपक में कभी भी तेल या घी नहीं डाला जाता। दीपक को सबसे पहले किसने और कब प्रज्वलित किया था यह बात अब तक रहस्य बनी हुई है।

सर्दियों में लेना है स्नोफॉल का मजा तो जरूर जाएं भारत की इन 5 खूबसूरत जगहों पर

भारत में कई ऐसी जगहे हैं जो अपनी खूबसूरत वादियों और सर्दियों में बर्फबारी के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं। अगर आप अपना विंटर वेकेशन प्लान कर रहे हैं और इस बार परिवार के साथ बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो आज हम आपको ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं आप स्नोफॉल का मजा ले सकते हैं-

शिमला: स्नोफॉल का जिक्र होते ही हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला का नाम सबसे पहले जहन में आता है। यह स्नोफॉल के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। यहां के हरे भरे पहाड़, ऊंची चोटियां ठंड के दिनों में बर्फ से पूरी तरह ढंककर और भी खूबसूरत दिखते हैं। शिमला को लॉन्ग मून नाइट्स यानी लंबी चांदनी रातों का मौसम भी कहा जाता है। दिसंबर से फरवरी के बीच यहां बर्फबारी का आनंद लिया जा सकता है। इस मौसम में आप यहां स्कींग का भी मज़ा ले सकते हैं। शिमला में आइस स्केटिंग दिसंबर से फरवरी तक होती है।

गुलमर्ग: धरती के स्वर्ग जम्मू-कश्मीर में स्थित गुलमर्ग बेहद खूबसूरत जगह है और यहां बर्फबारी का आनंद लेने का अनुभव बहुत खास होता है। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में चारों तरफ बस बर्फ ही बर्फ दिखती है और इसकी खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में स्कीइंग करने वालों की भी भीड़ जुटती है। यहां की कुदरती खूबसूरती आपका मन मोह लेगी।

औली: उत्तराखंड का सबसे पुराना शहर औली बेहद सुंदर है। बर्फबारी के समय यह किसी स्वपनलोक सा दिखता है। औली भी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ स्कीइंग के लिए मशहूर है। यहां देवदार पेड़ों की लंबी कतार है। बर्फ से ढके जंगलों के बीच सैर करके आप अपनी यात्रा को यादगार बना सकते हैं।

कुफरी: शिमला के अलावा हिमाचल प्रदेश में स्थित कुफरी भी स्नोफॉल के दौरान बहुत सुंदर दिखता है और लोग यहां स्कींग के लिए आते हैं। सर्दियों के मौसम में यहां सैलानियों की काफी भीड़ जुटती है। यहां लोग पहाड़ों के बीच रोमांच का मज़ा लेते हैं। हाइकिंग, स्कीइंग, खूबसूरत नजारे, देवदार के लंबे-लंबे पेड़ और सुहानी सर्द हवा का मज़ा लेना है तो कुफरी ज़रूर जाएं।

कुल्लू-मनाली: पॉप्युलर हनीमून डेस्टिनेशन कुल्लू मनाली में भी बर्फबारी का मज़ा लिया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश का यह हिल स्टेशन भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। रोमांच के शौकीनों की तो यह पहली पसंद है। दिसंबर जनवरी में आकर यहां आप भी स्नोफॉल का आनंद ले सकते हैं।

चढ़ रहा है चुनावी सर्वे का बाजार, चुनावी नतीजों के लिए एक्जिट पोल पर फोकस

कांतिलाल मांडोत

बहार में चुनाव का प्रचार और पार्टी क्रियान्वयन पिछले छह महीनों से लगातार चल रहा था। हाल ही सम्पन्न बिहार चुनाव के दौरान एक्जिट पोल पर नजर है।क्योंकि एजेंसी को छोड़कर सटीक सर्वेक्षण देना मुश्किल है।दरअसल, बाजार सर्वेक्षण के बड़ा हिस्सा है।जिसके तहत कम्पनिया कोई उत्पाद बाजार में उतारने या अपने किसी निजी कम्पनियो को फायदा है।राजनैतिक सर्वेक्षण के जरिये मोटा हिस्सा ले लेती है।

वोटरों का मिजाज भांपने के लिए 1980 के दशक के अंत में भारत मे पहली बार ओपिनियन पोल किया गया था। तब से अब तक चुनाव खत्म होते ही नेता,बुद्धिजीवी और जनता जनार्दन को एक ही दिलचस्पी रहती है कि आखिर जीत किसकी ?कौन बनाएगा सरकार और किस दल का बनेगा मुख्यमंत्री ?11 नवम्बर को बिहार के चुनाव पूर्ण हो गए है।14 नवम्बर को नतीजे आएंगे।लेकिन आज ही लोगो के मन मे कुतूहल पैदा हो गया है कि बिहार में सरकार किसकी बनेगी? नीतीश या महागठबंधन की।चुनावी सर्वेक्षण और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का जन्म एकसाथ हुआ है।चुनावी सर्वे की लोकप्रियता उतनी ही है,जब तक सटीक जानकारी उपलब्ध हो।क्योकि गलत नतीजे दर्शाए जाने वाले मीडिया घरानों को जनता विस्मृत कर देती है।आज कई सर्वे मीडिया घराने पर जनता भरोसा करती है।पिछले चार दशकों से ज्यादा समय से हर चुनाव के समय का अपरिहार्य बना दिया है।आज 11 नवम्बर को एकटकी लोग टीवी चैनल पर सर्वे के लिए इंतजार कर रहे है।बिना इन सर्वेक्षणों के अभाव में भारत मे चुनावो की कल्पना भी नही की जा सकती है।हालांकि कुछ समाचार चैनल तो साल में कई बार ऐसे सर्वेक्षण करवाते है और इसके जरिये सरकारों की लोकप्रियता को प्रभावित करने वाले मुद्दो की पडताल करते रहते है।ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि आखिर भारत मे इन सर्वेक्षणों का अर्थशास्त्र क्या है?आखिरी इन सर्वेक्षणों को करवाने से किसका भला होता है और यदि कोई संगठन पैसे देकर ऐसे सर्वेक्षण करवाता है तो उसका कोई निजी स्वार्थ भी इसमें जुड़ा होता है।

बिहार में चुनाव का प्रचार और पार्टी क्रियान्वयन पिछले छह महीनों से लगातार चल रहा था। हाल ही सम्पन्न बिहार चुनाव के दौरान एक्जिट पोल पर नजर है।क्योंकि एजेंसी को छोड़कर सटीक सर्वेक्षण देना मुश्किल है।दरअसल, बाजार सर्वेक्षण के बड़ा हिस्सा है।जिसके तहत कम्पनिया कोई उत्पाद बाजार में उतारने या अपने किसी निजी कम्पनियो को फायदा है।राजनैतिक सर्वेक्षण के जरिये मोटा हिस्सा ले लेती है।हालांकि यह देश की तेज गति से तरक्की करने वाले सेक्टर में से एक है।देश में दो सौ से ज्यादा सर्वेक्षण कम्पनिया है जिनकी पूरे देश मे पहुंच है ।बाकि अलग अलग शहरों में छोटे स्तर पर काम करती है।लेनदेन या पैसे के मामले में कोई विशेष फायदे नही है।फिर भी

कम्पनिया इसलिए चुनावी सर्वे करवाती है कि इन्हें मुफ्त का प्रचार मिल जाता है।यदि किसी चैनल और मीडिया घराने ने ऐसी किसी एजेंसी को पैसे देकर सर्वे कराया तब तो लागत निकलने के साथ साथ कुछ फायदा भी हो जाता है।आज के दौर में चुनाव के पहले मिलने वाले सर्वे के इनपुट से कई दिनों तक पार्टी नेताओं की खुमारी बरकरार रहती है।नींद अच्छी आती है,जबकि विपरीत परिणाम वाले दलों और पार्टी नेताओं के चेहरे मुरझा जाते है।पिछले कई चुनाव में हम देख रहे है कि अलग अलग एजेंसियों के एक्जिट पोल के नितीजे अलग अलग आते है।इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि सर्वे का काम सीटों की संख्या बताना नही है।यदि हम वोट शेयर की स्थिति देखेंगे तो पाएंगे कि प्रतिष्ठित कम्पनियो के सर्वे में पाटीर्या को मिलने वाले वोट को अनुमान कमोबेश एक जैसा ही होता है।मगर इन वोटो को सीट में बदलने का फामूर्ला अलग अलग अपनाने के कारण उनके सीटों के अनुमान में भारी अंतर हो जाता है।

भारत मे यह हाल है कि वोट शेयर के बावजूद सीटे ज्यादा आती है और ज्यादा सीटे वाली पार्टी विजय घोषित की जाती है।आज के समय में त्वरीत परिणाम की चाह में राजनीतिक दल हर सीमा लांघने के लिए तैयार रहते है।आज सभी की नजरें बिहार चुनाव पर होगी।भारत मे ओपीनियन पोल का पूरा फोकस सिर्फ इस बात पर रहता है कि किसी राजनैतिक दल की कितनी सीटे आएगी।क्योकि वोट शेयर से सरकार की हार जीत निश्चित नही की जाती है।लेकिन सर्वे का काम सीट बताना है।इनके द्वारा सटीक जानकारी तो नही मिलती है लेकिन हार जीत के समीप जरूर पहुंचा दी जाती है।सर्वे के लिए चुनाव के दौरान हर पत्रकार उस वोटर से मिलकर किस दल को वोट किया है।उसको जानने की जिज्ञासा रहती है और यही आधार सर्वे का हिस्सा बन जाता है।

भारत में मीडिया ने इसे सीटों की संख्या तक सीमित कर दिया है। रमेश कोठारी कहते हैं कि सर्वे के बाद मीडिया की खबरों को देखने से यह साफ हो जाता है कि सीट की संख्या के अलावा और कोई डाटा प्रकाशित या प्रसारित नहीं किया जाता क्योंकि मीडिया के दिग्गज मानते हैं कि बाकी डाटा से दर्शक या पाठक बोर हो जाते हैं। इस सोच ने इन सर्वेक्षणों को मजाक बना दिया है।

कई वर्ष पहले देश में सर्वे एजेंसियों पर किए गए स्टिंग ऑपरेशन से यह खुलासा हुआ है कि दरअसल पैसे देकर सीटों के इस खेल को कोई भी अपनी ओर मोड़ सकता है। इस स्टिंग के अनुसार अधिकांश छोटी एजेंसियां पैसे लेकर रॉ डाटा में बदलाव से लेकर अंतिम निष्कर्ष तक में बदलाव करने के लिए तैयार हो गई थीं। ऐसे में माना जाता है कि भारत में चुनावी सर्वे सिर्फ मीडिया हलचल भर बनकर रह गए हैं। अकसर देखा गया है कि न तो राजनीतिक दल उन्हें गंभीरता से लेते हैं और न ही आम जनता उसके आधार पर कोई राय कायम करती है।

हाल के समय में इन सर्वेक्षणों पर भरोसा कम हुआ है। राजूसिंह कहते हैं कि चुनावी सर्वे या फिर चुनाव बाद एक्जिट पोल की पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक पद्धति से होती है। मगर दिक्कत तब आती है जब उसमें निजी हित समाहित हो जाता है। ऐसे में सर्वेक्षण की पवित्रता प्रभावित होती है और इससे सही निष्कर्ष नहीं निकाले जा सकते। राजू कहते हैं कि इसी वजह से भारत में चुनावी सर्वेक्षणों के नतीजों में एकरूपता नहीं होती और इसी के कारण वे असली परिणामों से मेल भी नहीं खाते। किए जाने वाले चुनावी सर्वेक्षणों को मीडिया के जरिए लोगों के सामने पेश करने में उनका चेहरा ही एजेंसी की तरफ से सामने रखा जाता था। उसी के जरिए उन्हें आम जनता में बेहद लोकप्रियता भी मिली।

वैसे पिछले करीब 80 फीसदी चुनावों में सीटों का 95 फीसदी तक सही आकलन करने वाली एजेंसी कई है। वे चुनावी सर्वेक्षणों के लिए मार्केट रिसर्च एजेंसियों के अंतरराष्ट्रीय एसोसिएशन द्वारा तय गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करते हैं। हालांकी कई उन एजेंसी पर आरोप लगाते हैं कि वे सर्वे के हर स्तर पर कड़ी गोपनीयता बरतते हैं और कभी भी सवाल उठने के बावजूद अपने रॉ डाटा को सार्वजनिक नहीं करते। हालांकि ग्राहकों की निजता को मुख्य वजह बताते हैं।

आज अगर देश में सर्वेक्षणों की विश्वसनीयता खतरे में आ गई है तोउसके लिए पारदर्शिता का अभाव बड़ी वजह है। वैसे ओपिनियन पोल का एक दूसरा पहलू भी है। भले ही चैनलों पर दिखाए जाने वाले इन सर्वेक्षणों पर राजनीतिक दल भरोसा नहीं करते हों मगर अधिकांश दल राज्यो की स्थिति का जायजा लेने के लिए एक्जिट पोल की मदद लेते है।यह साफ है कि ओपिनियन पोल भले ही विश्वसनीयता खो रहे हों मगर उनका धंधा खत्म नहीं होने वाला। आने वाले समय में हमें और अधिक सर्वेक्षण देखने को मिलेंगे।

संपादकीय

सेवा क्षेत्र में रोजगार की खराब स्थिति

भारत में सेवा क्षेत्र की केंद्रीय भूमिका है, लेकिन इसके भीतर अधिकांश कर्मियों को रोजगार सुरक्षा या सामाजिक संरक्षण हासिल नहीं है। अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा योगदान के बावजूद सेवा क्षेत्र के कर्मी निम्न वेतन जाल में फंसे हुए हैं। नीति आयोग ने समस्या पर रोशनी डाली है, लेकिन ठोस समाधान सुझाने में विफल रहा है। समस्या है सेवा क्षेत्र में रोजगार की खराब स्थिति। आयोग ने कहा है- ह्यभारतीय आर्थिक ढांचे में सेवा क्षेत्र केंद्रीय स्थल पर है, लेकिन इसके भीतर अनौपचारिक क्षेत्र का हिस्सा बेहद बड़ा है, जहां अधिकांश कर्मियों को रोजगार सुरक्षा या सामाजिक संरक्षण हासिल नहीं है। अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा योगदान के बावजूद सेवा क्षेत्र के कर्मी निम्न वेतन जाल में फंसे हुए हैं। सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था में योगदान 55 फीसदी से अधिक है, मगर यह कुल रोजगार में इसका हिस्सा एक तिहाई ही है- और उसमें भी ज्यादातर कम वेतन वाली और अनौपचारिक नौकरियां हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 के अंत तक सेवा क्षेत्र में 18 करोड़ 80 लाख लोगों को काम मिला हुआ था। मगर रोजगार का यह क्षेत्र ह्यगहरे ढांचागत विभाजनह्न का शिकार है। एक तरफ सूचना तकनीक, वित्त, स्वास्थ्य, और पेशेवर सेवाओं में उच्चस्तरीय रोजगार हैं, तो दूसरी ओर अनौपचारिक क्षेत्र है जिसके भीतर 55.7 प्रतिशत कर्मी स्वरोजगार श्रेणी में आते हैं। बिना सामाजिक सुरक्षा वाले वेतनभोगी कर्मियों की संख्या 29 फीसदी है। 9.2 प्रतिशत लोग घरेलू कामकाज में सहायक की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि 6.2 प्रतिशत दिहाड़ी मजदूर हैं। स्पष्ट है, सेवा क्षेत्र ज्यादातर कर्मियों को किसी तरह जीने का सहारा भर दे रहा है। लेकिन उससे ऐसे उपभोक्ता तैयार नहीं हो सकते, जो बाजार का विस्तार करें। तो आयोग ने कहा है कि सेवा क्षेत्र के लिए नए नीतिगत नजरिए की जरूरत है, जिसका मकसद इस क्षेत्र को औपचारिक रूप देना हो। मगर ऐसा कह भर देने से तो नहीं होगा! महिलाओं और युवाओं में कौशल विकसित करने, डिजिटल एवं ग्रीन अर्थव्यवस्था की तकनीक में निवेश करते हुए उसके लिए कर्मी तैयार करने, और संतुलित क्षेत्रीय विकास की नीतियां लागू करने जैसे नीति आयोग के सुझाव गौरतलब हैं। मगर मुद्दा यह है कि ये काम कौन करेगा? क्या सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी निजी क्षेत्र पर डालने के लिए वैधानिक उपायों पर सख्ती से अमल के लिए सरकार तैयार है? क्या इसके लिए सरकार अर्थव्यवस्था में हस्तक्षेप की भूमिका अपनाएगी?

चिंतन-मनन

संवेदनशील और सबल बनो

सदाचार का तब तक पालन किए जाओ जब तक यह तुम्हारा स्वभाव न बन जाए। मित्रता, दया और ध्यान का अभ्यास जारी रखो। जब तक यह न समझ जाओ कि यह तुम्हारा स्वभाव है। जब कार्य स्वभावतः किया जाता है,तब तुम फल की लालसा नहीं रखते हो। सहजता से बस कार्य किए जाते हो। स्वभावतः किया हुआ काम न तो थकान देता है और न पुंठित करता है। दांत साफ करना, नहाना, इत्यादि दैनिक कार्य को कृत्य नहीं समझा जाता क्योंकि ये दैनिक जीवन से जुड़े क्रिया-कलाप हैं। इन सब कार्यं को तुम बिन कर्तापन के करते हो। जब सेवा तुम्हारा स्वभाव बन जाता है, तब यह कर्तापन रहित होता है। ज्ञानी अभ्यास जारी रखते हैं ताकि वे औरों के लिए उदाहरण बनें, हांलाकि उनको किसी अभ्यास की आवश्यता नहीं। जो संवेदनशील हैं, प्रायः वे कमजोर होते हैं। जो स्वयं को सबल समझते हैं, वे प्रायः असंवेदनशील होते हैं। कुछ व्यक्ति स्वयं के प्रति संवेदनशील होते हैं पर औरों के प्रति नहीं। और कुछ लोग दूसरों के प्रति संवेदनशील होते हैं, पर खुद के प्रति नहीं। जो व्यक्ति केवल अपने प्रति संवेदशील हैं, वे प्रायः औरों को दोष देते हैं। जो केवल दूसरों के प्रति संवेदनशवील होते हैं, वे स्वयं को असहाय और दीन समझते हैं। कुछ इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि संवेदनशील होना ही नहीं चाहिए क्योंकि संवेदनशीलता पीड़ा लाती है। वे अपने आप को औरों से दूर रखने लगते हैं परन्तु यदि तुम संवेदनशील नहीं हो तो जीवन के अनेक सूक्ष्म अनुभवों को खो दोगे जैसे अंतर्ज्ञान, सौन्दर्य और प्रेम का उल्लास। यह पथ और ज्ञान तुम्हें सबल भी बनाता है और संवेदनशील भी। असंवेदनशील व्यक्ति प्रायः अपनी कमजोरियों को नहीं पहचानते। और जो संवेदनशील हैं, वे अपनी ताकत को नहीं पहचानते। उनकी संवेदनशीलता ही उनकी ताकत है। संवेदनशीलता अंतर्ज्ञान है, अनुकम्पा है, प्रेम है। संवेदनशीलता आत्म-बल है। और आत्म-बल है स्थिरता, तितिक्षा (सहनशीलता), मौन, प्रतिक्रिया-विहीनता, आत्मविश्वास, निष्ठा और एक मुस्कान। संवेदनशील और सबल, दोनों बनो।

विश्व दयालुता दिवसः दया के रंग से जीवन की कहानी को दें नया साज

दिलीप कुमार पाठक

दया देने की आदत है, दूसरों का बोझ हल्का करने की इच्छा, या बस एक मददगार हाथ या रोने के लिए कंधा देने की इच्छा। यह हमें मानवीय बनाती है। यह हमें आध्यात्मिक रूप से ऊपर उठाती है। और यह हमारे लिए अच्छा है। -मदर टेरेसा साल भर में कई जागरूकता दिवस, सप्ताह और महीने होते हैं, लेकिन इस नवंबर में मेरे लिए सबसे खास है, क्योंकि 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस मनाया जाता है, इस अंतरराष्ट्रीय उत्सव का लक्ष्य सरल है। जिसमें ऐसी दुनिया की कल्पना को साकार करना है जहां हम सभी के लिए दयावान बनें। दयालुता को अपवाद के बजाय मानक बनाना, इस उत्सव में अक्सर दयालुता के कुछ अनोखे कार्य करने के लिए समय निकालना, उसे आगे बढ़ाने के नए तरीके खोजना और व्यक्तियों को उन कार्यों से जोड़ना होता है जिनके लिए उनकी उदारता की आवश्यकता होती है। विश्व दयालुता दिवस एक ऐसा समय है, जब हम रुककर याद करते हैं कि दयालुता व्यक्तियों और समुदायों के जीवन को समान रूप से स्वस्थ और रूपांतरित कर सकती है। जैसा कि कहा जाता है, ऐसी दुनिया में जहाँ आप कुछ भी हो सकते हैं, दयालु बनें।

विश्व दयालुता दिवस की शुरूआत साल 1998 में वर्ल्ड काइंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया

भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। यह कनाडा, जापान, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। 2009 में, सिंगापुर ने पहली बार यह दिन मनाया इटली और भारत ने भी यह दिन मनाया। ब्रिटेन में विश्व दयालुता दिवस की सह-स्थापना 2010 में हुई, जब दया-संगठन के संस्थापक डेविड जेमिली ने माइकल लॉयड-व्हाइट के अनुरोध पर इस पहल को आगे बढ़ाया। माइकल ने न्यू साउथ वेल्स फेडरेशन ऑफ पैरेंट्स एंड सिटिजन्स एसोसिएशन को पत्र लिखकर एनएसडब्ल्यू शिक्षा मंत्री से इस दिन को स्कूल कैलेंडर में शामिल करने को कहा। इस सहयोग से ब्रिटेन में दया दिवस को आधिकारिक मान्यता मिली और हर साल 13नवंबर को मनाया जाने लगा। साथ ही यूनेस्को की एक संस्था, यूनेस्को- एमजीआईईपी, विश्व दयालुता दिवस को बढ़ावा देने में सक्रिय रही है, खासकर युवाओं को सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा के माध्यम से दयालुता और सहानुभूति के लिए प्रशिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करके काम कर रही है।

इस दिन, प्रतिभागी, व्यक्तिगत रूप से या संगठनों के रूप में, अच्छे कार्यों का जश्न मनाकर, उन्हें बढ़ावा देकर और दयालुता के कार्यों का संकल्प लेकर दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने का प्रयास करते हैं। दुर्भाग्य से, हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जो तनाव, मानसिक स्वास्थ्य और मादक द्रव्यों के सेवन के प्रति कलंक, हिंसा और ढेर सारे दुखों से ग्रस्त है। विश्व दयालुता दिवस वर्ष में एक ऐसा दिन है जब व्यक्ति दयालुता का अभ्यास करने और दूसरों के लिए अच्छे कार्यों का प्रसार करने के लिए अपनी क्षमता से आगे बढ़ सकते हैं। अपने शब्दों और व्यवहार के माध्यम से जानबूझकर दयालुता का अभ्यास करना आपकी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन सकता है। हमें अपने आचरण से अपनी अगली पीढ़ी को दयालु बनने की शिक्षा देनी चाहिए।

शोध से पता चला है कि दयालुता मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक, दोनों स्तरों पर खुशी और संतुष्टि से गहराई से जुड़ी हुई है। दयालुता कृतज्ञता, करुणा, सहानुभूति और आपसी जुड़ाव को बढ़ावा देती है। दूसरों के प्रति दयालु होने से, दूसरों को भी दयालुता का बदला चुकाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। दयालुता का अभ्यास करने से दोस्ती और रिश्ते भी मजबूत होते हैं, और आपके अपने सौभाग्य के प्रति जागरूकता बढ़ सकती है। शोधकर्ता बारबरा फ्रेडरिकसन के अनुसार, दयालुता तनाव को कम करने, हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और क्रोध, चिंता व अवसाद जैसी नकारात्मक भावनाओं को कम करने में भी मदद करती है।

दयालुता का मतलब यह नहीं है कि आपको पैसे खर्च करने पड़ें या मदद के लिए अपनी सीमा से बाहर जाना पड़े। दयालुता उन छोटे-छोटे कामों से भी हो सकती है जिनसे आप बिना समय निकाले दूसरों का बोझ हल्का कर सकें। ट्रैफिक में किसी को अपने आगे आने की अनुमति देना। बस, ट्रेन आदि पर बुजुर्गों, महिलाओ, बच्चों के लिए जगह छोड़ना, पड़ोसी से बात करने के लिए समय निकालना। अजनबियों और पड़ोसियों दोनों को नमस्ते कहना ह्लकृपयाह्न और ह्लधन्यवादह्न कहना। आसपास कूड़ा न फैलाना। किसी के लिए दरवाजा खुला रखना। किसी मित्र या अजनबी की अच्छी आदतों की प्रशंसा करना। अनावश्यक कपड़े और घरेलू सामान मुस्कुराते हुए दान करना। अपनी किराने का सामान खुद पैक करना। अपने समुदाय में किसी पशु आश्रय, नर्सिंग होम या इसी तरह के संगठन में स्वयंसेवा करें। किसी स्थानीय चैरिटी को दान देकर खुद एवं और लोगों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, इस खास दिन हम संकल्प लें कि इस दुनिया को हम और भी सुन्दर, दयावान एवं करुणामयी बनाएंगे।

(लेखक पत्रकार हैं)

सहजीवन की अवधारणा के विपरीत अव्यवहारिक है अदालत का फैसला

मनोज कुमार अग्रवाल

सदियों सहस्त्राब्दियों से इंसान और जीव पशु मवेशी सहजीवन जीते आए हैं। मानव ने अपनी ईश्वर प्रदत्त बौद्धिक क्षमता से पशुओं जीवों को अपने नियंत्रण में लेकर उनका उपयोग किया। सामान की आवाजाही से लेकर यात्रा परिवहन तक पशुओं पर आश्रित रहे कभी इंसान अपने भोजन को जुटाने के लिए शिकार के लिए कुत्तों का इस्तेमाल करते थे लेकिन समय के साथ साथ पशुओं के स्थान पर मशीनों का उपयोग विकसित हो गया। अब पशुओं जीवों की उपयोगिता कम हुयी तो अदालतें उनके लिए सीमाएं भी स्थापित करने लगी हैं।

हाल ही में देश में विभिन्न राज्यों में आवारा कुत्तों व अन्य मवेशियों की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है, यह फैसला सार्वजनिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ चुनौतियां, नैतिक वैज्ञानिक प्रश्न, कार्यान्वयन संबंधी रस्साकशी भी जुड़ी हुई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में आवारा कुत्तों और पशुओं से बढ़ते खतरे पर संज्ञान लेते हुए कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी. अंजारिया की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और खेल परिसरों जैसे सार्वजनिक स्थलों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाना अनिवार्य है। साथ ही, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और राज्यों को आदेश दिया गया है कि राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से आवारा मवेशियों और पशुओं को हटाया जाए। यह फैसला, एक ओर जहां नागरिक सुरक्षा और जनस्वास्थ्य की दृष्टि से स्वागत योग्य है, वहीं दूसरी ओर इसने पशुप्रेमियों और पशु-अधिकार संगठनों के बीच चिंता और असंतोष भी पैदा किया है। हालांकि देखा जाए तो आवारा कुत्तों-पशुओं से होने वाले हादसे, विशेष रूप से बच्चों पर हमले व रेबीज के बढ़ते मामलों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी प्रबंधन और पशु कल्याण की चुनौतियों को एक नए सिरे से उजागर किया है। इस पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट द्वारा शुक्रवार को जारी सख्त निर्देशों का महत्व अनायास ही बढ़ गया है। इस आदेश का उद्देश्य निस्संदेह सराहनीय है। सार्वजनिक सुरक्षा चिंताओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता, कब-किसने, किस स्थान पर, कितनी बार आवारा जानवरों ने मानवों पर हमला किया है, उन घटनाओं में बच्चों और बुजुर्गों का सुरक्षा-झुकाब पहले से ही अधिक रहा है। ऐसे में संवेदनशील स्थानों पर जानवरों को उपस्थिति न सिर्फ भय का कारण है, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य जोखिम जैसे रेबीज का प्रसारण का भी जरिया बन सकती है। अगर देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षों में देशभर में कुतों के काटने के मामलों में भयावह वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में ही देशभर में लगभग 37 लाख से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा, जबकि रेबीज से हर वर्ष 18 से 20 हजार मौतें होती हैं। अकेले दिल्ली में पिछले वर्ष रेबीज से 54 लोगों की जान गई। ऐसे में यह स्पष्ट है कि यह केवल पशु अधिकार का नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और स्वास्थ्य का गंभीर प्रश्न बन चुका है। शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों में बढ़ते हमले न केवल बच्चों और बुजुर्गों के लिए भय का कारण बने हैं, बल्कि संस्थागत कार्यप्रणाली को भी बाधित कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि ऐसे परिसरों को आठ सप्ताह के भीतर डॉग-फ्री जोन बनाया जाए, इसी बढ़ते संकट का जवाब है। इस आदेश के विरोध में पशु-अधिकार कार्यकताओं और संगठनों ने भी मुखर प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी सांसद और पशुप्रेमी मेनका गांधी ने इस फैसले को व्यवहारिक रूप से असंभव बताया है। उनका तर्क है कि यदि किसी शहर से 5000 कुत्तों को हटाया भी जाए, तो उन्हें रखा कहां जाएगा? देश में फिलहाल इतने आश्रय गृह नहीं हैं, और न ही उनके संचालन के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति। पेटा इंडिया ने भी इसी तर्क के आधार पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का विरोध किया है। उनका मानना है कि यह फैसला पशुओं के साथ क्रूरता को बढ़ावा देगा और कैच एंड कन्फाइन नीति लंबे समय में समाधान नहीं है। विशेषज्ञों की भी राय माने तो शेल्टर होम्स का निर्माण, संचालन, रख-रखाव संसाधन-गहन होगा। अनुमान है कि बड़े पैमाने पर कुत्तों को शेल्टर में स्थानांतरित करना भौतिक रूप से कठिन है। पशु कल्याण के दृष्टिकोण से यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पर्याप्त शेल्टर लॉजिस्टिक तैयार हैं और वहां जाकर कुत्तों के स्वास्थ्य, देखभाल, मानदंड ठीक से बचे रहेंगे कि नहीं इस पर चिंताएं उठ रही हैं। जिसमेंपशु-भोजन, सामुदायिक देखभाल, पड़ोसियों द्वारा खिलाने-पानी देने आदि शामिल हैं, अपनी जड़ों में गहरी हैं। यदि इसे अचानक खत्म किया गया तो प्रतिरोध, हिंसा, अनुकूल व्यवहार में गिरावट संभावित है। इसलिए इस आदेश को मानव सुरक्षा बनाम पशु कल्याण की द्वंद्वात्मक विमर्श में देखा जा सकता है। दोनों ही दृष्टिकोण अपनी-अपनी जगह से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि हम मानव जीवन, विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हैं, तो निःसंदेह यह कदम जायज ठहरता है। लेकिन अगर हम पशुओं के अधिकार हक, उनकी सामाजिक पारिस्थितिकी तथा मानवीय सहयोग-व्यवस्थाओं को भी महत्व देते हैं, तो हमें यह देखना होगा कि समाधान सख्ती के साथ-साथ संयम और दीर्घकालीन रणनीति पर आधारित हो। मगर यह बात तय है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को केवल पशुओं के खिलाफ कदम समझना भूल होगी। यह कदम मानव सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। अदालत ने यह भी सुनिश्चित किया है कि जो भी कुत्ते पकड़े जाएं, उनका बंध्याकरण, टीकाकरण और देखभाल पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अनुरूप ही किया जाए। इसका मतलब है कि अदालत ने हत्या या उन्मूलन नहीं, बल्कि प्रबंधन की दिशा में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। परंतु इसके साथ यह भी सच है कि इस आदेश को लागू करने के लिए जिस प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी तैयारी की जरूरत है, वह फिलहाल राज्यों के पास नहीं है। आवारा कुत्तों और मवेशियों की समस्या केवल प्रशासनिक विफलता का नतीजा नहीं, बल्कि मानव विस्तार की कीमत है। इंसानी बस्तियों के फैलाव ने जंगलों, चारागाहों और प्राकृतिक आवासों को सिकोड़ दिया है। इसके चलते न केवल वन्यजीव, बल्कि पालतू पशु भी विस्थापित हुए हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

R&D: A public & private challenge

Investments in science and technology are vital for building India's capabilities to address developmental challenges and for securing its strategic future. They will determine the nation's capacity to compete in emerging technologies such as artificial intelligence and quantum computing—especially amid shifting trade policies. This calls for greater investment in cutting-edge research and a stronger culture of innovation across universities, research institutions, and industry. The key question, however, is whether India is investing enough to strengthen its science and technology ecosystem.Successive governments have repeatedly pledged to raise the gross expenditure on R&D (GERD) from the long-stagnant level of 0.7 percent to at least 2 percent of GDP. Yet, India's GERD-to-GDP ratio has barely moved up for three decades. The country remains far below the OECD average of 2.7 percent, and behind South Korea (4.9 percent), Japan (3.4 percent), and China (2.8 percent).

About 58-60 percent of India's GERD is concentrated in strategic sectors such as atomic energy, space, and defence, leaving only 40 percent for civilian agencies. The university sector—with over 1,100 universities and 48,000 colleges—receives just 7 percent of GERD despite producing more than half of all science and technology publications, while public companies contribute a mere 4 percent. How can India overcome this persistently low level of R&D funding?S&T Minister Jitendra Singh attributed India's low R&D intensity to "relatively less investment by the private sector". While partly valid, this does not absolve the government of responsibility. Experience from OECD countries, Japan, South Korea, the UK, and China shows a clear pattern: public R&D spending has consistently exceeded 1-1.5 percent of GDP over the past two decades. India, therefore, has a strong case to raise public investment to at least 1 percent of GDP. Market failure theory underscores that large-scale public investment is essential to strengthen basic research and build critical infrastructure.

The government ultimately recognised chronic underinvestment as a structural barrier to atmanirbhar S&T policies. It has launched a series of schemes, including the Anusandhan National Research Foundation, Research and Development Innovation Scheme, and Vigyan Dhara, to the tune of about Rs 4.0 lakh crore for five years. Most of these programmes are not entirely funded through public expenditure—they leverage government support as a catalyst for attracting private investment. For instance, over 70 percent of the ANRF's Rs 1.0 lakh crore budget depends on private industry participation.Since 2020, the government launched nearly a dozen national missions in critical and emerging technologies such as AI, green hydrogen, semiconductors, electric mobility, quantum, geospatial, biopharma and ocean research. Their success will hinge on the depth and scale of private sector engagement, both in terms of investment and innovation capacity, raising a key question: what if private funding does not materialise?

